CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-292
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

अनुभव, ज्ञान उन्मेष और वयस् मनुष्य के विचारों को बदलते हैं

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# सिटी चीफ

इंदौर,सोमवार 27 जनवरी 2025

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार



## महू में कांग्रेस की महारैली

### राहुल गांधी और खड़गे जय भीम-जय बापू-जय संविधान रैली में भरेंगे हुंकार



मध्य प्रदेश के महू में सोमवार (27 जनवरी) को सियासी घमासान होगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भीमराव अंबेडकर पर दिए गए बयान के विरोध में कांग्रेस महारैली निकालेगी। जय भीम, जय बापू, जय संविधान रैली में कांग्रेस के लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित कई कांग्रेसी दिग्गज हुंकार भरेंगे। सांसद प्रियंका गांधी का आना कैंसिल हो गया है। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जितेन्द्र सिंह, PCC चीफ जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस के मेगा शो का मोर्चा संभाल रखा है। रैली में 2 लाख से ज्यादा लोगों के शामिल होने का दावा किया है।

**राहुल गांधी कब, कहां, कितने बजे पहुंचेंगे** महू में कांग्रेस की रैली में सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा शामिल नहीं होंगी। पहले बताया जा रहा था राहुल गांधी और AICC अध्यक्ष खड़गे के साथ एक ही प्लेन में प्रियंका महू पहुंचेंगी। लेकिन सोमवार को अचानक उनके कार्यक्रम में बदलाव हो गया। राहुल गांधी सोमवार को सुबह 11:10 बजे दिल्ली से इंदौर पहुंचेंगे। दोपहर 12:55 बजे हेलीकॉप्टर से महू के वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड पहुंचेंगे। दोपहर 1:30 से 3:30 तक जय बापू, जय भीम, जय संविधान जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 3:45 बजे बाबा साहेब डॉ. बी आर. अंबेडकर स्मारक पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाम 4:35 बजे हेलीकॉप्टर से इंदौर लौटकर 5:15 बजे दिल्ली के लिए विशेष उड़ान से रवाना होंगे। 2 लाख से ज्यादा लोगों के आने का दावा महू के वेटरनरी कॉलेज के मैदान में कांग्रेस की महारैली का आयोजन होगा। कांग्रेस ने दावा किया है कि रैली में दो लाख लोग शामिल होंगे। रैली के जरिए कांग्रेस दलित और पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को साधने की कोशिश कर रही है। राहुल गांधी और खड़गे रैली में हुंकार भरेंगे। रैली में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के साथ ही कांग्रेस शासित राज्यों के 4 मुख्यमंत्री, 8 मंत्री, 15 सांसद, 150 से ज्यादा विधायक, वर्किंग कमेटी के 25 सदस्य शामिल होंगे। साथ ही मध्य प्रदेश के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी इस रैली में शामिल होंगे।

कांग्रेस ने बनाए 3 बड़े मंच कांग्रेस की महारैली के लिए एक लाख वर्ग फीट में पंडाल बनाया गया है। सभा स्थल पर तीन बड़े मंच बनाए हैं। पहले मंच पर 200 लोग बैठेंगे। इनमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राहुल गांधी प्रियंका गांधी सहित 95 लोग एआईसीसी के पदाधिकारी होंगे। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री डिप्टी सीएम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष इसी मंच पर बैठेंगे। दूसरे मंच पर बाकी वीआईपी लोग बैठेंगे।

800 जवान सुरक्षा में रहेंगे तैनात तीसरे मंच पर कबीर भजनों की प्रस्तुतियां होंगी। सुरक्षा के लिए 800 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। महू और इंदौर में 30 से ज्यादा होटल बुक हैं। होटलों में बाहर से आने वाले नेता-कार्यकर्ता रुकेंगे। पांच जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है। तेलीखेड़ा और बोरखेड़ी में हेलीपैड बनाए गए हैं।

## मध्य प्रदेश का मौसम- भोपाल, ग्वालियर सहित 20 जिलों में ठिठुरन

### उमरिया में रात का पारा 4.8°...1 फरवरी से इन शहरों में बारिश



मध्य प्रदेश में आज का मौसम (सोमवार, 27 जनवरी) को कैसा रहेगा। उमरिया, भोपाल, ग्वालियर सहित 20 जिलों में रात का पारा 10 डिग्री से कम है। उमरिया में न्यूनतम टेम्प्रेचर सबसे कम 4.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। रीवा में अधिकतम तापमान सबसे कम 23.1 डिग्री रहा। जबलपुर, मंडला सहित 17 शहरों में दिन रात का पारा 2.4 डिग्री तक लुढ़का है। मौसम विभाग ने 1 फरवरी से रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर और नर्मदापुरम सहित कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**इन जिलों में गिरा तापमान** जबलपुर, मंडला सहित 17 जिलों में दिन रात का पारा 2.4 डिग्री तक गिरा है। मंडला में रात का पारा सबसे ज्यादा 2.4 डिग्री तक लुढ़का है। दमोह 1.4, जबलपुर 1.4, उमरिया 1.6, मलाजखंड 1.7, नर्मदापुरम 1.6, इंदौर 1.1 और बैतूल में 1.6 डिग्री पारा गिरा है। नवगांव, सागर, सीधी, सिवनी, मलाजखंड, रायसेन, पचमढ़ी, ग्वालियर और बैतूल में दिन का तापमान 1.5 डिग्री तक लुढ़का है। 20 जिलों में पारा 10 डिग्री से कम भोपाल, ग्वालियर, उमरिया सहित 20 जिलों में न्यूनतम टेम्प्रेचर 10 डिग्री से कम है। उमरिया की रात सबसे सर्द है। न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। भोपाल 8.3, गुना 8.2, ग्वालियर 6.3, पचमढ़ी 7.8, रायसेन 8, राजगढ़ 5.6, दमोह 8.6, जबलपुर 7.4, खजुराहो 7.4, खजुराहो 7, मंडला 6, नवगांव 6.6, रीवा 8, सतना 7, सिवनी 12, सीधी 8.6, टीकमगढ़ 8.2, उमरिया 4.8 और मलाजखंड में 9 डिग्री तापमान रहा। खरगोन में सबसे ज्यादा 13.4 डिग्री पारा दर्ज हुआ। नर्मदापुरम 13.1, उज्जैन 11.2, सागर 11.3 और इंदौर में 12.5 डिग्री टेम्प्रेचर रिकॉर्ड हुआ।

**फरवरी में बारिश का अलर्ट** मौसम विभाग के मुताबिक, सर्द हवा चलने से तापमान में गिरावट हुई है। सोमवार को सुबह और रात में मौसम सर्द रहेगा। 28 जनवरी को कुछ शहरों में हल्का कोहरा रह सकता है। 29 जनवरी से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। इस सिस्टम का असर मध्यप्रदेश में देखने को मिलेगा। फरवरी के शुरुआती 4 दिन तक मौसम बदला रहेगा। 1 से 4 फरवरी के बीच रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर, चंबल और नर्मदापुरम में हल्की बारिश हो सकती है। इंदौर, भोपाल और उज्जैन संभाग में मौसम साफ रहेगा।

## संगम में आज गृह मंत्री अमित शाह लगाएंगे डुबकी

### अब तक 13.21 करोड़ से ज्यादा ने किया स्नान



यूपी के प्रयागराज में महाकुंभ2025 में आज धर्म संसद देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज की अगुवाई में आयोजित होगी। देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज कहते हैं, हम सभी चाहते हैं कि सनातन बोर्ड का गठन हो। हम सरकार के समक्ष प्रस्ताव रख रहे हैं। सभी धर्माचार्य चाहते हैं कि सनातन का कल्याण हो और मंदिर सुरक्षित रहें - इसके लिए धर्म संसद शुरू होने वाली है। मैं इसकी तैयारी देखने जा रहा हूं। यहां बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं।

**जय शाह परिवार के साथ प्रयागराज पहुंचे** आईसीसी चेयरमैन जय शाह अपने परिवार के साथ महाकुंभ 2025 में शामिल होने के लिए प्रयागराज पहुंच गए हैं।

**उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अखिलेश यादव को घेरा** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जब उन्होंने (सपा प्रमुख अखिलेश यादव) महाकुंभ क्षेत्र में प्रवेश किया और स्नान किया तो हम सबको अच्छा लगा, हमने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में कैबिनेट का आयोजन करना राजनीतिक है। कल वे मुलायम सिंह की प्रतिमा कुंभ क्षेत्र में लगाने वाले लोगों से मिले क्या ये राजनीतिक नहीं है? ये राजनीतिकरण नहीं है? भारतीय राजनीति में इस तरह की दोरंगी नीति को लोग स्वीकार नहीं करते हैं। अखिलेश यादव को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए।

**मुख्यमंत्री योगी का महाकुंभ नगर भ्रमण कार्यक्रम** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज 10:55 बजे प्रयागराज आएंगे। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गृहमंत्री अमित शाह के साथ संगम नोज, बड़े हनुमान मंदिर और अक्षयवट का दर्शन करेंगे। इसके बाद योगी जूना अखाड़ा, मानव उत्थान सेवा समिति सेक्टर-8 स्थित श्री सतपाल जी महाराज, श्रृंगेरी, पुरी एवं द्वारका के शंकराचार्यों से भेंट करेंगे। इसके बाद शाम 6:45 बजे प्रयागराज से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

**आज महाकुंभ में स्नान करेंगे गृह मंत्री अमित शा** गृह मंत्री अमित शाह आज महाकुंभ पहुंचेंगे। जहां त्रिवेणी में डुबकी लगाएंगे। लेटे हनुमान जी के मंदिर जाएंगे। जूना अखाड़ा के संतों से मुलाकात भी करेंगे।

**अदाणी और इस्कॉन किचन में अखिलेश यादव ने बनाया महाप्रसाद** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाई। पूजा-अर्चना के बाद अखिलेश यादव महाकुंभ के इस्कॉन शिविर भी गए। जहां अखिलेश यादव ने सेक्टर-19 में अदाणी और इस्कॉन के सहयोग से चल रहे महाप्रसाद सेवा किचन का निरीक्षण किया। इस्कॉन के किचन में हर दिन एक लाख श्रद्धालुओं के लिए भोजन तैयार किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने खुद अपने हाथों से महाप्रसाद बनाया और सेवा में भाग लिया साथ ही खुद भी प्रसाद ग्रहण किया। महाकुंभ में मौजूद श्रद्धालुओं ने अदाणी ग्रुप और इस्कॉन की इस पहल की खूब तारीफ कर रहे हैं।

**महाकुंभ में आज अब तक 46.64 लाख से अधिक लोगों ने किया स्नान** उत्तर प्रदेश सूचना विभाग के अनुसार, आज अब तक 46.64 लाख से अधिक लोग पवित्र स्नान कर चुके हैं। 26 जनवरी 2025 तक 13.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं।

**महाकुंभ में धर्म संसद** देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज के नेतृत्व में आज महाकुंभ में धर्म संसद का आह्वान किया जा सकता है। महाकुंभ में भारत के सिद्धार्थ ने ग्रीस की पेनेलोप से वैदिक संस्कारों के साथ विवाह किया। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि ने कन्यादान की रस्म निभाई। शादी के समय मेले में पेनेलोप की मां और अन्य परिजन मौजूद रहे।

**आज 14 करोड़ पार कर जाएगा आंकड़ा** महाकुंभ-2025, रविवार को 1.74 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अब तक 13.21 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

## खंडवा में फूड पॉइजनिंग...स्कूल में खीर-पूड़ी खाते ही होने लगे उल्टी-दस्त

### 40 बच्चों की तबीयत बिगड़ने से मचा हड़कंप



मध्य प्रदेश के खंडवा में गणतंत्र दिवस पर बड़ी घटना हो गई।स्कूल में रविवार (26 जनवरी) को खीर-पूड़ी और हलवा खाने से 40 बच्चे बीमार पड़ गए। बच्चों को उल्टी और दस्त होने लगे। तबीयत बिगड़ने पर बच्चों को हरसूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। एक साथ इतने ज्यादा बच्चों के बीमार होने से हड़कंप मच गया। 15 बच्चों को प्राथमिक इलाज के बाद डिस्चार्ज किया गया। 25 बच्चों का इलाज जारी है। मामला हरसूद क्षेत्र के कसरावद गांव का है। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों को फूड पॉइजनिंग हुई है। सभी की हालत सामान्य है।

**ध्वजारोहण के बाद खाया खाना, फिर होने लगे उल्टी-दस्त** कसरावद गांव के सरकारी प्राइमरी, मिडिल और आंगनवाड़ी में रविवार सुबह झंडा फहराया गया। ध्वजारोहण के बाद बच्चों को खाना परोसा गया। शाम 6 बजे के एक-एक कर के बच्चे बीमार पड़ने लगे। परिजन और गांव वालों ने बीमार बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। एक साथ 40 बच्चे अस्पताल पहुंचे तो अफरा-तफरी मच गई। बेड कम पड़ गए तो जमीन पर लिटाकर बच्चों का इलाज किया गया। 15 बच्चों को प्राथमिक इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया। 25 बच्चों का इलाज चल रहा है। है। डॉक्टर का कहना है कि बच्चे ठीक है। परेशानी जैसे कोई बात नहीं है।

**खीर के दूध में गड़बड़ी की आशंका** शिक्षकों ने बताया कि झंडावंदन के बाद सहभोज हुआ। स्व-सहायता समूह ने बच्चों को भोजन वितरित किया। सब्जी-पुड़ी, खीर और हलवा दिया गया था। बच्चों के साथ स्टाफ और जनप्रतिनिधियों ने भी भोजन किया था। हालांकि, फूड पॉइजनिंग सिर्फ प्राइमरी और आंगनबाड़ी के बच्चों को हुई। जिन बच्चों ने खीर खाई है, उन्हें ही उल्टियां हुई। आशंका है कि खीर के दूध में गड़बड़ी थी। हरसूद अस्पताल के सीनियर डॉक्टर आशीष राज मिश्रा का कहना है कि 40 बच्चे एडमिट हुए हैं, सभी को उल्टी की शिकायत हैं। ऐसा फूड पाइजनिंग से हो सकता है, हालांकि यह जांच का विषय है। किसी भी बच्चे की हालत गंभीर नहीं है।

## अरविंद केजरीवाल आज जारी करेंगे आम आदमी पार्टी का घोषणा पत्र, कर सकते हैं बीजेपी से बड़े वादे



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी आज अपना मेनिफेस्टो जारी करेगी। खबरों की मानें, तो आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल 12 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। उम्मीद जताई जा रही है कि AAP अपने घोषणा पत्र में बीजेपी से बड़े वादे कर सकती है। इसलिए सबकी नजरें केजरीवाल के कल्याणकारी योजनाओं वाले मॉडल पर टिकी हुई है। दरअसल, आप आदमी पार्टी अपने घोषणापत्र में सामाजिक कल्याण योजनाओं, रोजगार और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार को लेकर कई बड़े ऐलान कर सकती है। AAP ने पहले ही महिला सम्मान योजना का ऐलान किया हुआ है। जिसमें महिलाओं को 2,100 रुपये हर महीने देने का वादा किया गया है। इसके अलावा 65 साल से ज्यादा के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आप संजीवनी योजना का ऐलान भी कर चुकी है। इस योजना के तहत सभी बुजुर्गों का इलाज फ्री में होगा। इसके अलावा आप ने वादा किया है कि पार्टी छात्रों को डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कराएगी। कहा जा रहा है कि,क्र अपने घोषणापत्र में छात्रों के लिए मेट्रो किराए में 50 प्रतिशत छूट देने का भी ऐलान कर सकती है। वहीं दिल्ली में सीवेज कवरेज का विस्तार करने, 24 घंटे साफ पानी की सप्लाई और यमुना नदी की सफाई को प्राथमिकता देने वाली किसी योजना का भी ऐलान कर सकती है। बीजेपी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ये किए हुए वादे बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी अब तक तीन चरणों में अपना घोषणा पत्र जारी कर चुकी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं को 21 हजार और 6 पोषण किट,1700 अनधिकृत कॉलोनियों को मालिकाना हक, यमुना की सफाई और रिवर फ्रंट का विकास, आयुष्मान भारत योजना के साथ 5 लाख रुपये तक का इलाज, दिल्ली के युवाओं को 50,000 सरकारी नौकरी, 13,000 बसों को ई-बस में बदलने का ऐलान समेत कई बड़े वादे शामिल है।

## पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम का कहर एक की मौत

### 101 संक्रमित, कई वेंटिलेटर पर गिन रहे सांसें

पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंताएं बढ़ा दी हैं। रविवार (26 जनवरी) को GBS से पुणे में पहली मौत हुई। सोलापुर के एक मरीज ने दम तोड़ दिया। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। हफ्ते भर में महाराष्ट्र में GBS के 73 नए केस सामने आए हैं। इस बीच पुणे में इस बीमारी के 101 एक्टिव केस सामने आ चुके हैं। इनमें 19 नौ साल से कम उम्र के बच्चे भी शामिल हैं। स्थिति गंभीर होती जा रही है। आइए, जानते हैं फिलहाल कितने मरीज वेंटिलेटर पर हैं?, सरकार ने क्या ऐलान किया है? इस बीमारी के लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के लिए क्या किए जा सकते हैं।

डिप्टी सीएम ने किया मुफ्त इलाज का ऐलान GBS का इलाज बेहद महंगा है। इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन का एक डोज़ करीब 20,000 रुपए का आता है। इस बात पर गौर करते हुए महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार ने GBS के मरीजों के लिए मुफ्त इलाज का ऐलान किया है। पिंपरी-चिंचवाड़ और पुणे नगर निगम क्षेत्र के मरीजों का इलाज अलग-अलग अस्पतालों में किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में इस बीमारी की चपेट में आने वाले मरीजों का इलाज ससून अस्पताल में किया जाएगा। इस बीच, पुणे में पानी के सैंपल लिए गए हैं। खड़कवासला बांध के पास एक कुएं में बैक्टीरिया ई. कोली का स्तर अधिक पाया गया। लोगों को उबला हुआ पानी पीने और ताजा गर्म खाना खाने की सलाह दी गई है।

बढ़ रही है GBS पीड़ित मरीजों की संख्या गुइलेन-बैरे सिंड्रोम की चपेट में आने वाले मरीजों की तादाद बढ़ती जा रही है। पुणे में फिलहाल 16 मरीज वेंटिलेटर पर हैं। इनमें से ज्यादातर मरीजों की उम्र 50 से 80 साल के बीच है। GBS की चपेट में आने वाले बच्चों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। इस बीमारी की चपेट में आने वाले ज्यादातर बच्चों की उम्र 9 साल से 19 साल के बीच है।

# खानें की चीजों में मिलावट, तो घर बैठे इस तरह कर सकते हैं शिकायत

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। घर पर आने वाले खाद्य पदार्थों को लेकर कई लोगों के मन में अक्सर यह सवाल होता है कि कहीं इसमें मिलावट तो नहीं है, लेकिन मिलावट की आशंका पर लोगों को अपने अधिकार पहचानने की आवश्यकता है। यदि किसी भी खाद्य पदार्थ में मिलावट की आशंका है तो इसकी जांच हम स्वयं घर पर भी कर सकते हैं। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि इसकी जांच के लिए यूट्यूब पर डीएआईटी एफएसएसएआई द्वारा अलग-अलग खाद्य पदार्थों के वीडियो अपलोड किए हुए हैं, जिसके माध्यम से आसानी से पता कर सकते हैं।

वॉट्सएप पर करें शिकायत

वहीं किसी भी खाद्य पदार्थ की मिलावट की आशंका है तो वॉट्सएप पर 9406764084 पर शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा यदि आप अपना नाम और मोबइल नंबर भी नहीं बताना चाहते हैं तो वेबसाइट पर शिकायत कर सकते हैं।




बिना आपकी पहचान उजागर किए, आपकी शिकायत पर कार्रवाई की जाती है। वहीं फूड कनेक्ट एप पर भी शिकायत की जा सकती है। जैसे हम मिठाई खरीदने से पहले उसे खाकर और सूंघकर देखते हैं। खराबी लगने पर शिकायत कर सकते हैं, उस पर विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। शहर में संचालित हो रही एक फूड वैन यदि आप स्वयं किसी खाद्य पदार्थ की जांच करवाना चाहते हैं, तो इसके लिए खाद्य विभाग की एक फूड वेन संचालित हो रही है। यह वैन अलग-अलग दिन क्षेत्रों के हिसाब से जाती है। इस वैन की सुविधा का लाभ लेकर भी आप जांच करवा सकते हैं।

एक्सपायरी डेट जरूर देखना चाहिए

नाममात्र शुल्क पर इससे जांच होती है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत खुले पैकेट में यदि मिलावट सामने आती है, तो आप शिकायत कर सकते हैं। कई लोग शिकायत नहीं करते हैं। हमेशा पैकेज्ड फूड खरीदते समय उसकी एक्सपायरी डेट जरूर देखना चाहिए।

वहीं पैकेट में छेद भी हो तो नहीं लेना चाहिए। यह भी देखें कि वह एफएसएसएआई से अप्रूवड है या नहीं। उसमें लाइसेंस नंबर लिखा है या नहीं।

**ऐसे पहचाने चाय पत्ती में मिलावट**

चाय पत्ती में लोहे का बारीक चूरा डालने की आशंका हो सकती है।

इसके लिए आप चुंबक को उस पर रखें। यदि चिपक रहा है तो वह मिलावटी होगी। वहीं, मिर्च पाउडर की पहचान के लिए आधा ग्लास पानी लीजिए और उसमें थोड़ा मिर्च पाउडर डालिए।

यदि शुद्ध होगा तो वह तले में चला जाएगा। अशुद्ध होगा तो ऊपर आ जाएगा और पानी का रंग लाल हो जाएगा। नारियल तेल को फ्रीज में रख दें। यदि वह जम जाता है तो शुद्ध है और नहीं जमता है तो उसमें मिलावट है।

**फूड कनेक्ट एप से घर बैठे ऐसे करें शिकायत**

फूड कनेक्ट एप के जरिए आप खाने-पीने की चीजों में मिलावट करने वाले लोगों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण तक अपनी शिकायत सीधे पहुंचा सकते हैं। एफएसएसएआई की तरफ से भी आपको आपकी शिकायत के बारे में लगातार अपडेट दिया जाएगा।

इस एप के जरिए आप ये भी मालूम कर पाएंगे कि आपकी शिकायत पर क्या और कब कार्रवाई हुई? यही नहीं, खाने-पीने की चीजों को बनाने से लेकर बेचने वालों तक की पूरी जानकारी भी इस मोबाइल एप के जरिए आप हासिल कर सकते हैं।

# नौ में से चार मापदंडों को पूरा कर इंदौर बना 'वेटलैंड सिटी'



**सिटी चीफ इंदौर।**
तालाबों व जलाशयों को सहेजने व संरक्षण के साथ वेटलैंड सिटी के तय नौ में से चार मापदंड पूरा करने पर इंदौर को अंतराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिली है। गौरतलब है कि इंदौर में सिरपुर तालाब को सहेजने के लिए विगत 13 वर्षों से प्रयास किए जा रहे हैं। अब यशवंत सागर के भी संरक्षण की योजना बनाई गई है।

इंदौर के इन दोनों तालाबों को जनवरी 2022 में रामसर साइट का दर्जा मिला था। इसके बाद नगर निगम ने दोनों तालाबों के संरक्षण के लिए किए कार्यों के आधार पर वेटलैंड सिटी का एक्रीडिएशन पाने के लिए सितंबर 2023 में प्रयास शुरू किए। इसके परिणाम स्वरूप ही इंदौर को करीब डेढ़ साल बाद वेटलैंड सिटी का दर्जा प्राप्त हुआ।

तालाब के विकास के लिए केंद्र सरकार को भेजी गई है योजना

सिरपुर तालाब के विकास के लिए नगर निगम द्वारा दो माह पहले 62 करोड़ रुपये की योजना केंद्र सरकार को भेजी गई है। वहीं यशवंत सागर के विकास के लिए योजना तैयार की जा रही है। वहां किए जाने वाले कार्यों का आकलन कर राय सरकार से केंद्र को योजना भेजने की तैयारी है।

**डेढ़ साल पहले शुरू हुआ था प्रयास**

इंदौर निगम ने वेटलैंड सिटी का दर्जा पाने के लिए लगभग डेढ़ साल पहले प्रयास करना शुरू कर दिया था। अगस्त 2023 में वेटलैंड सिटी एक्रीडिएशन के अंतर्गत तालाबों से जुड़ी जानकारियों को सार्वजनिक किया गया। नेतृत्व कलेक्टर और महापौर ने किया। वेटलैंड सिटी एक्रीडिएशन का आकलन रामसर सम्मेलन के मानकों के आधार पर किया गया।

तालाबों की सफाई और पानी को स्वछ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए गए। वेटलैंड 2017 के तहत सभी नियमों का पालन किया गया। वहीं तालाब में पाए जाने वाले जीव-जंतुओं की जानकारी जुटाई गई। मछलियों, मेंढकों, सांपों और केंचुओं की विभिन्न प्रजातियों का अध्ययन किया गया।

होलकरकालीन सिरपुर तालाब 130 साल पुराना है। यह शहरी तालाब है। यहां 200 प्रकार की प्रजातियों के पक्षी हैं। इनमें 55 प्रकार के प्रवासी पक्षी यहां आते हैं। यह 800 एकड़ में फैला है। यहां वर्षभर पर पानी रहता है। इस तालाब के पानी का उपयोग शहर में पेयजल व अन्य कार्यों के लिए नहीं किया जाता है।

1. यहां यूरेशियन विगन, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, ग्रेटर फ्लेमिंगो, पेंटेड स्टार्क व सुराख पक्षी आते हैं।
2. यहां विविध प्रजाति के पौधे, तालाब में जैव विविधता है।
3. सिरपुर तालाब क्षेत्र ऐसा पारिस्थितिक तंत्र है जहां तालाब के बैकवाटर, सुखनिवास आवक चैनल क्षेत्र में पक्षियों के प्रजनन, निवास बनाने के लिए अनुकूल वातावरण है।
4. तालाब में जलीय जीव जैसे मछली, केकड़ा, झींगा की उपलब्धता है।

कांग्रेस की महू रैली पर भाजपा काउंटर

# सीएम डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में करेंगे हितग्राही सम्मेलन

**सिटी चीफ इंदौर।**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में आज जन-कल्याण अभियान कार्यक्रम में शासकीय योजनाओं में चयनित पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन शहर में सुपर कॉरिडोर पर आज सुबह 11 बजे होगा। इस कार्यक्रम में इंदौर व उज्जैन संभाग के हितग्राही शामिल रहेंगे।

**इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों के हितग्राही**

महू में आज होने वाजी कांग्रेस की रैली के जवाब में भाजपा मैदान में उतर आई है। इसके तोड़ पर आज इंदौर में हितग्राहियों का बड़ा सम्मेलन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों से एक-एक लाख हितग्राहियों को इंदौर लाया जा रहा है।



जनकल्याण योजना के तहत हो रहे इस कार्यक्रम में हितग्राहियों को लाभ पत्र का वितरण किया जाएगा।

कांग्रेस की महू में होने वाली रैली के प्रभाव को कम करने के लिए इंदौर में यह बड़ा कार्यक्रम किया जा रहा है।

इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों से हितग्राहियों को लाने के लिए 2500 बसें लगाई गई हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव के इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ब्लाक के साथ गांव के स्तर पर किया जाएगा। मध्य प्रदेश में 11 दिसंबर 2024 से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन-कल्याण अभियान चलाया गया था। अभियान के समापन पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# उधारी विवाद को लेकर मेडिकल दुकान संचालक और भाई पर चाकू से हमला

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। इंदौर के खजराना इलाके में उधारी विवाद को लेकर एक मेडिकल दुकान संचालक और उसके भाई पर दो सगे भाइयों ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार, अमान नामक युवक का जल्ला कॉलोनी रोड पर मेडिकल स्टोर है। यहां एक आरोपी अफसर का ससुराल है, और अफसर पहले भी कई बार उधारी पर दवाइयां ले चुका था। गुरुवार को अफसर के भाई शाहिद ने अमान से मिलने का समय मांगा। जब अमान ने उसे दुकान पर बुलाया, तो शाहिद के साथ



अफसर भी वहां पहुंच गया। अमान ने अफसर से कहा कि उसके ऊपर 2200 रुपए उधारी हैं और अगर वह पैसे चुका देता है तो वह आगे कोई उधारी नहीं मांगेगा। इस पर अफसर नाराज हो गया। शाहिद ने अमान को अपशब्द कहे और दुकान से बाहर जाने के लिए कहा। इसके तुरंत बाद, अफसर ने चाकू निकाला और अमान के कंधे, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों पर हमला कर दिया। अफसर ने अमान के भाई बुरहान को भी चाकू मार दिया। जब आसपास के लोग बीच-बचाव करने और आरोपियों को पकड़ने की कोशिश करने लगे, तो दोनों आरोपी चाकू लहराते हुए वहां से भाग निकले। पुलिस ने इस मामले में जानलेवा हमले का केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# इंदौर में एआई तकनीक के साथ रोबोटिक सर्जरी की शुरू

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। इंदौर के अरबिंदो हॉस्पिटल में गुरुवार को मॉडर्न आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के साथ रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत की गई। यह देश में पहली बार है जब हृदय रोगों के इलाज के लिए इस तरह की तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। इसमें मरीज की किसी हड्डी को काटने या शरीर पर निशान छोड़ने की जरूरत नहीं होती। इस तकनीक के तहत रोबोटिक कार्डियक सर्जरी पूरी तरह सुरक्षित और सटीक होती है। क पर आधारित वर्कशॉप सैम्स स्थित इर्काड-इंडिया सेंटर में आयोजित की जा रही है, जो 26 जनवरी तक चलेगी। इस वर्कशॉप में प्रदेशभर के पीजी छात्र, सर्जन और मेडिकल फैकल्टी हिस्सा ले रहे हैं। सैम्स के फाउंडर चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि इस पहल से चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी हार्ट सर्जरी रोबोटिक सिस्टम से की जाएंगी, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा। यह तकनीक मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद है, क्योंकि इसमें बड़े कट लगाने की जरूरत नहीं होती। इससे रक्तस्राव कम होता है और संक्रमण का खतरा भी नहीं रहता। इस तकनीक से वाल्व बदलने से लेकर बच्चों की हार्ट सर्जरी तक सभी प्रकार की सर्जरी संभव है।

रोबोटिक सर्जन डॉ. मोहित भंडारी ने बताया कि यह पहल चिकित्सा जगत में मील का पत्थर साबित होगी। इससे न केवल सर्जरी की जटिलताएं कम होंगी, बल्कि मरीज जल्दी स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकेगा। वर्कशॉप में ट्रेनिंग कार्यक्रम के लिए एक विशेष योजना तैयार की गई है। चीफ ट्रेनर डॉ. महक भंडारी ने बताया कि यहां प्रतिभागियों को 8 अलग-अलग प्रकार के रोबोटिक सिस्टम और उनकी तकनीक का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये सिस्टम विभिन्न प्रकार की सर्जरी के लिए उपयोगी हैं। इस वर्कशॉप का उद्देश्य रोबोटिक सर्जरी और एआई तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना है, जो भविष्य में चिकित्सा जगत को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# सीएम डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के नेहरू स्टेडियम में फहराया तिरंगा

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ध्वजारोहण किया। समारोह में परेड के साथ विभिन्न विभागों द्वारा राय शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों और उपलब्धियों पर आधारित झांकियां निकाली गई। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आईपीएस आदित्य सिंघानिया ने किया। उनका अनुकरण टूआईसी सूबेदार पूजा पाटीदार ने किया। परेड में सीमा सुरक्षा बल (सशस्त्र), आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी विशेष सशस्त्र बल (प्रथम बटालियन), 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस (पुरुष) जिला पुलिस बल (महिला) जिला होमगार्ड सशस्त्र, जिला यातायात पुलिस बल, वन विभाग, एनसीसी, शौर्य दल, स्काउट, गाइड, रेडक्रास तथा सृजन दल के प्लाटून शामिल रहे।

साथ ही बैंड भी परेड में शामिल रहा। स्कूली बचे देश भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। समारोह में जिले में वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और संस्थाओं को पुरस्कृत भी किया गया।

**विशेष मध्यान्ह भोज कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

गणतंत्र दिवस के मौके पर इंदौर के शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं के छात्रों के में मध्यान्ह भोजन के अंतर्गत विशेष भोज का आयोजन किया गया।

शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर विद्यालय में छात्रों के इस विशेष भोज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव, महापौर पुष्यमित्र भार्गव सहित शहर के प्रमुख राजनेता भी उपस्थित रहे।

**गणतंत्र दिवस की संध्या पर होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम**

26 जनवरी की संध्या पर गांधी हाल में शाम 7 बजे राष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। इसमें शहर के गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में डॉ. प्रीति देओले द्वारा भक्ति गायन तथा स्वाति उखले द्वारा मालवी लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नगर निगम मुख्यालय प्रांगण में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया।

# कुख्यात बदमाश ने दुकानदार पर किया पिस्टल की बट से हमला

**इंदौर।** इंदौर के चंदन नगर में कुख्यात बदमाश इम्मू उर्फ इमरान ने एक चूड़ी दुकान संचालक पर पिस्टल की बट से हमला किया। पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। घटना लोहे वाली गेट के पास हुई, जहां सुल्तान नामक युवक अपनी बाइक पार्क कर रहा था। इस दौरान इम्मू ने उसे बुलाया और बाइक ठीक से पार्क करने के लिए अपशब्द कहे। इसके बाद उसने धमकी देने के उद्देश्य से अपनी पिस्टल निकाली और सुल्तान के सिर पर बट से वार कर दिया। सुल्तान को गंभीर



रूप से घायल अवस्था में उसके परिवार ने जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। सुल्तान के पिता अहमद ने बताया कि इम्मू पर पहले भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं। तीन साल पहले उसने पुलिस पर भी गोली चलाई थी, जिसके बाद उसका शॉर्ट एनकाउंटर किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जापान दौरे पर जा रहे सीएम डॉ. मोहन यादव

# उद्योगपतियों को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए करेंगे आमंत्रित

**सिटी चीफ भोपाल।**
मध्य प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देश-विदेश के उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। जर्मनी और इंग्लैंड के बाद अब वह जापान का दौरा करेंगे।

यह 27 जनवरी से चार दिवसीय होगा। इसमें वे जापान के उद्योगपतियों को भोपाल में 24 और 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे। इस दौरान टोक्यो में भारतीय दूतावास में आयोजित रोड-



शो %सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप = मध्य प्रदेश% में भाग लेकर निवेश और साझेदारी की संभावनाओं पर उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जापान जीआईएस में कंट्री पार्टनर के तौर पर भाग लेगा। मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ 27 जनवरी को जापान दौरे पर रवाना होगा। इसमें वह टोक्यो, ओसाका और कोबे जैसे प्रमुख शहरों में स्थानीय उद्योगपतियों से प्रदेश में निवेश को लेकर संवाद करेंगे।

**वन-टू-वन चर्चा**

28 जनवरी को फ्रेंडस ऑफ एमपी की जापान टीम से मुलाकात करके भारतीय राजदूत सिबी जार्ज से भेंट करेंगे।

एडो गावा सिटी स्थित महात्मा गांधी पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद भारतीय दूतावास में आयोजित रोड-शो %सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप = मध्य प्रदेश% में भाग लेकर उद्योगपतियों से वन-टू-वन चर्चा करेंगे।

29 जनवरी को जापान बिजनेस फेडरेशन सहित अन्य उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। 30 जनवरी को कोबे में सिस्मेक्स कंपनी के अधिकारियों से मिलकर उनकी साइट का भ्रमण करके ओसाका और फिर क्योटो पहुंचेंगे।

यहां जापान की सांस्कृतिक और औद्योगिक प्रगति को जानने के लिए विभिन्न स्थानों का भ्रमण करने के साथ क्योटो से शिंकानसेन बुलेट ट्रेन से फिर टोक्यो पहुंचेंगे। एक फरवरी को वे भारत लौटेंगे।

**इन क्षेत्रों पर रहेगा फोकस**

कृषि, डेयरी एवं फूड प्रोसेसिंग, फिनटेक, आईटी, रोबोटिक्स, फार्मास्युटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, इलेक्ट्रिक वाहन, ऑटोमोबाइल, शहरी एवं औद्योगिक बुनियादी ढांचे, एयरोस्पेस, रक्षा सहित पर्यटन क्षेत्र।

# मध्य प्रदेशके कर्मचारियों को जमा राशि पर 7.1% की दर से मिलेगा ब्याज

## नहीं हुआ कोई बदलाव

**सिटी चीफ भोपाल।**
मध्य प्रदेश के कर्मचारियों की उनकी जमा राशि पर 7.1 प्रतिशत की दर से ब्याज मिलेगा। वित्त विभाग ने एक जनवरी से 31 मार्च 2025 तक के लिए ब्याज की दर निर्धारित कर दी है। यह दर चतुर्थ त्रैमास के लिए प्रभावी रहेगी।

प्रदेश के कर्मचारियों की जमा राशि सामान्य भविष्य निधि, अंशदायी भविष्य निधि, पटवारी विशेष भविष्य निधि, मध्य भारत जीवन बीमा निधि, विभागीय भविष्य निधि, शासकीय सेवक कर्मचारी बीमा सह बचत योजना में जमा रहती है।

इस पर सरकार की ओर से ब्याज दिया जाता है। प्रति तीन माह में इसकी दर निर्धारित की जाती है। जनवरी से मार्च 2025 तक के लिए यह दर 7.1 प्रतिशत रखी गई है। बता दें कि ब्याज दरों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।



कम मतदान वाले केंद्र चिह्नित कर कारण समझें और जनजागृति करें= मंगुभाई 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कम मतदान वाले केंद्रों को चिह्नित करने और मतदाताओं से बातचीत कर उनके कारणों को समझने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है।

इस मौके पर अच्छा काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिसमें रतलाम कलेक्टर, अशोकनगर के सुभाष कुमार, ग्वालियर की रुचिका चौहान और अन्य अधिकारियों को पुरस्कार दिए गए। राज्यपाल ने महिला और दिव्यांग मतदाताओं की बढ़ती सहभागिता को लोकतंत्र की ताकत बताया और निर्वाचन प्रक्रिया में पूरी भागीदारी की अपील की।

# भोपाल गैस कांड में 9 अप्रैल को होगी डाउ केमिकल मामले में अंतिम बहस

**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। भोपाल गैस कांड में द डाउ केमिकल कंपनी (टीडीसीसी) की आपराधिक जिम्मेदारी को लेकर भोपाल जिला न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। कंपनी के वकील रवींद्र श्रीवास्तव ने अदालत के पिछले आदेश में संशोधन की मांग करने वाला आवेदन वापस ले लिया। अभियोजन पक्ष केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की सहायता कर रहे भोपाल ग्रुप फॉर इन्फॉर्मेशन एंड एक्शन (बीजीआईए) के वकील अवि सिंह ने टीडीसीसी द्वारा आवेदन का विरोध किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री हेमलता अहिरवार ने डाउ केमिकल के दायित्व और उस पर भारतीय अदालतों के अधिकार क्षेत्र के मामलों पर अंतिम बहस के लिए 9 अप्रैल




की तारीख तय की है। टीडीसीसी द्वारा भोपाल अदालत के अधिकार क्षेत्र को चुनौती देने के खिलाफ तर्क देते हुए, लोक अभियोजक मनफूल बिश्नोई ने बताया, भारतीय आपराधिक कानून के तहत, अदालत का क्षेत्राधिकार उस स्थान से तय होता है जहां अपराध किया गया है। निर्विवाद रूप से भोपाल ही है जहां यूनियन कार्बाइड गैस हादसा ने हजारों लोगो को मार डाला और लाखों को जिंदगी भर की चोट पहुंचाई है। अपने बचाव में टीडीसीसी के वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया कि डाउ ने कोई अपराध नहीं किया है। क्योंकि उसने आपदा के 17 साल बाद यूनियन कार्बाइड खरीदा था।

# रेलवे ट्रैक पर मिला इंजीनियर का कटा हुआ शव, 20 जनवरी को हो गया था लापता



**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। भोपाल के छोला थाना क्षेत्र से एक इंजीनियर की मौत का मामला सामने आया है। नागेंद्र सिंह नागपुरिया (39) का शव 23 जनवरी को भोपाल के छोला इलाके में मौजूद रेलवे ट्रैक पर कटा हुआ मिला। जिसका पंचनामा बनाकर पुलिस ने शुक्रवार को हमीदिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। वहीं परिजनों की माने तो 20 जनवरी को नागेंद्र की मैरिज एनिवर्सरी थी। फिर वह एक दम लापता हो गए, जिसकी गुमशुदगी हमने दर्ज करवाई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है, फिलहाल अभी इस संबंध में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। नागेंद्र पेशे से इंजीनियर हैं, इसके अलावा नागेंद्र के जीजा उदय राज सिंह ने कहा कि नागेंद्र ने 20 जनवरी को एनिवर्सरी सेलिब्रेट की। शाम 5 बजे के बाद वह लापता हो गए। जिसकी रिपोर्ट हमने पुलिस को की। 22 को उनके शव मिलने की सूचना मिली। शिनाख्त के बाद उनको पोस्ट मार्टम के लिए लाए हैं। परिजनों ने बताया कि नागेंद्र के दो बच्चे हैं। वहीं नागेंद्र 6 महीने पहले ही गुजरात से वापस लौटा था।

# बंद पड़ी बीयर फैक्ट्री में युवक का शव मिला, जर्जर दीवार टूटी और नीचे गिरा



**सिटी चीफ भोपाल।**
भोपाल। अशोका गार्डन स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया में बंद पड़ी बीयर फैक्ट्री में युवक का शव मिला है। गुरुवार को एफएसएल टीम ने मौका मुआयना किया। यहां मृतक के फिंगर प्रिंट और दीवार पर चप्पल के निशान भी मिले हैं। अनुमान है कि युवक पचास फीट ऊंची दीवार पर चढ़ा, जर्जर दीवार टूटी और वह नीचे जा गिरा। इससे उसकी मौत हो गई। वह चोरी के इरादे से फैक्ट्री में घुसा था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। फैक्ट्री संचालक इंदर सिंह गोयल ने बुधवार को पुलिस को फैक्ट्री के भीतर एक युवक के दीवार के नीचे दबे होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दीवार का मलबा हटाकर शव बाहर निकाला। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। टीआई हेमंत श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक की पहचान निखिल मीना पिता रमेश मीणा (30) निवासी अशोका गार्डन सुभाष कॉलोनी के रूप में हुई है। मृतक मंगलवार को फैक्ट्री में चोरी की नीयत से घुसा था। लोहे की रॉड निकालने के लिए करीब 50 फीट ऊंचाई पर चढ़ गया था। हादसे से पहले निखिल अकेला ही मौके पर आया था। जो फुटप्रिंट मौके से मिले हैं वो केवल एक ही शख्स के है।

# मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में नहीं जा पा रहे, तो घर में इस तरह करें स्नान.. मिलेगा पुण्य फल

**सिटी चीफ भोपाल।**
मौनी अमावस्या तिथि 29 जनवरी को मनाई जाएगी। हिंदू धर्म में अमावस्या की तिथि का विशेष महत्व होता है। इस दिन अगर विधि-विधान से पूजा कर, नदी में स्नान करके दान आदि करने से पितरों की आत्मा तृप्त होती है और वे प्रसन्न होते हैं।

विशेष रूप से माघ महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि बहुत विशेष मानी जाती है, इसे मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का बड़ा महत्व है, अगर कोई नदियों में स्नान करने नहीं जा पा रहा, तो उसे इस दिन गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए।पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि की शुरुआत 28 जनवरी को रात 7=35 पर होगी और इसका समापन 29 जनवरी 2025 को शाम 6=05 पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 29 जनवरी के दिन ही मौनी अमावस्या मनेगी।

**प्रयागराज महाकुंभ में जाएंगे सैकड़ों श्रद्धालु**

गंगा नदी में स्नान करना शुभ माना जाता है। इस समय उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 144 साल के बाद महाकुंभ भी लगा है। मान्यता है कि मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में स्नान करके पापों से मुक्ति पा सकते हैं। ऐसे में शहर से सैकड़ों की संख्या में लोग कुंभ में स्नान करने जाएंगे।




वहीं हिंदू धर्म में दान का विशेष महत्व होता है। व्रत, त्योहार और पूर्णिमा-अमावस्या तिथि पर दान करने का महत्व और भी बढ़ जाता है। मौनी अमावस्या तिथि पर अगर आपके घर कोई कुछ मांगने आए तो उसे दान-दक्षिणा अवश्य देना चाहिए।

वहीं अमावस्या तिथि पितरों को तर्पण और इनका आशीर्वाद पाने के लिए सबसे उत्तम तिथि मानी जाती है। मौनी अमावस्या पर पितरों को प्रसन्न करने के लिए और पितृ दोष से मुक्ति पाने के लिए काले तिल से तर्पण करना चाहिए।

**मंदिरों में भी हुई तैयारियां**

मौनी अमावस्या पर शहर के श्रीजी मंदिर, श्रीकृष्ण, श्रीराम मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके लिए मंदिर समितियों व ट्रस्टों के पदाधिकारी व सदस्य तैयारियां कर रहे हैं। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के बैठने व पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है। मंदिर समितियों ने जरूरतमंदों को गर्म कपड़े दान करने की भी तैयारी की है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मौनी अमावस्या पर संगम समेत सभी पवित्र नदियों के जल में भगवान विष्णु का वास होता है। इस बार तीर्थराज प्रयागराज में 144 वर्ष बाद बहुत ही शुभ योग में महाकुंभ चल रहा है।

मौनी अमावस्या पर संगम में स्नान और सूर्यदेव को जल अर्पित करने से अश्वमेघ यज्ञ के बराबर फल प्राप्त होता है। जो लोग किसी कारणवश मौनी अमावस्या पर संगम के पवित्र नदी में न कर पाए तो इस दिन स्नान करते समय नहाने की बाल्टी में गंगाजल जरूर डालें।

## सम्पादकीय

# बड़ी कामयाबी

**मुंबई 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा का अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटिशन खारिज होने के बाद उसके प्रत्यर्पण की राह खुल गई है। राणा के प्रत्यर्पण से पाकिस्तानी सुरक्षा प्रतिष्ठान की भूमिका पर रोशनी डालने में मदद मिल सकती है। इस मामले की तह तक पहुंचने के लिए कूटनीतिक सावधानी जरूरी है।**



26/11 यानी मुंबई आतंकी हमले के बहुचर्चित आरोपी तहव्वुर राणा का अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में दायर रिव्यू पिटिशन खारिज होने के बाद उसके प्रत्यर्पण की राह खुल गई है। यह भारत की एक अहम कूटनीतिक और कानूनी जीत तो है ही, आतंक के कारोबारियों को न्याय की वेदी पर ला पटकने के वैश्विक अभियान के लिहाज से भी एक बड़ा कदम है।

आतंक का बर्बर चेहरा = 2008 का मुंबई आतंकी हमला न केवल देशवासियों को स्तब्ध कर देने वाला था बल्कि इसने पूरी दुनिया को सकते में डाल दिया। जिस तरह समुद्री मार्ग से आए लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादियों ने भारत की वित्तीय राजधानी को बंधक सा बना लिया और यहां तीन दिनों तक आतंक का खेल खेलते रहे, उसे भुलाना मुश्किल है। इस हमले से जुड़े कई आतंकी इस दौरान मारे भी जा चुके हैं, लेकिन भारत की न्याय व्यवस्था का सामना करने की जहां तक बात है तो कसाब के बाद तहव्वुर राणा दूसरा प्रमुख चेहरा होगा।

परदे के पीछे का सच = आतंक के इस खेल में मोहरे बने लोग भले सामने नजर आते हों, उनकी भूमिका नगण्य ही होती है। असल भूमिका इन्हें परदे के पीछे से बढ़ावा देने वाले उन लोगों की होती है जो आम तौर पर परदे के पीछे ही बने रहते हैं। तहव्वुर राणा का यह प्रत्यर्पण इस लिहाज से भी अहम है। वह न केवल मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी सहयोगी रहा बल्कि कनाडा जा बसने से पहले पाकिस्तान आर्मी में मेडकल ऑफिसर के तौर पर भी काम करता रहा है। आश्चर्य नहीं कि 26/11 केस में पब्लिक प्रॉसीक्यूटर रहे उज्ज्वल निकम समेत कई लोग मानते हैं कि यह प्रत्यर्पण इस मामले में पाकिस्तानी सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े अफसरों की भूमिका पर भी बेहतर ढंग से रोशनी डाल सकता है।

आगे की चुनौतियां = ऐसे में बहुत महत्वपूर्ण है कि आने वाली चुनौतियों की गंभीरता को समझते हुए एक-एक कदम फूंक-फूंक कर बढ़ाया जाए। राणा की सुरक्षा सुनिश्चित करना और तमाम अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन करते हुए आगे बढ़ना जितना जरूरी है, उतना ही महत्वपूर्ण है कूटनीतिक मोर्चे पर सावधानी बनाए रखना। तभी इस मामले की अंतरराष्ट्रीय साजिश से जुड़ी तमाम परतों को खोलना और इसमें शामिल सभी तत्वों को बेनकाब करना संभव हो पाएगा।

# विश्व साहित्य का आकाश: 'द हार्ट डिवाइडेड- विभाजन और हृदय का बंटवारा



विभाजन पर कई लोगों ने कलम चलाई है। हिन्दी साहित्य में अक्सर पश्चिमी भारत के बंटवारे का दर्द उभरा है। बंगाल का दर्द बांग्ला भाषा में दिखता है। हां, एकाध कार्य हिन्दी में पूर्वी भारत के इस दर्द को बयां करता है, जैसे गरिमा श्रीवास्तव का 'आउशवित्ज= एक प्रेम कथा'। इस विषय पर इंग्लिश में भी लिखा गया है। यह जानना रोचक होगा कि पाकिस्तान के इंग्लिश साहित्य में इसे कैसे चित्रित किया गया है। आज बात करती हूं मुमताज शाहनवाज के उपन्यास 'द हार्ट डिवाइडेड' की।बंटवारे के बाद चालीस के दशक में पहले हमारे यहां उपलब्ध नहीं था, असल में यह पाकिस्तान के बाहर कहीं उपलब्ध न था। हाल में कृष्ण कुमार के फॉरवर्ड के साथ 2003 में नए संस्करण में (464 पन्ने) प्रकाशित हुआ है।मुमताज शाह नवाज का जन्म 12 अक्टूबर 1912 में भारत के लाहौर में हुआ था। पुकारु नाम 'ताजी'। लाहौर के उच खानदान की थी अत= बुर्का उतार पढ़ने के लिए लंदन गईं। वे दिल्ली और लाहौर में स्त्री अधिकारों की प्रमुख प्रवक्ता थीं। चालीस के दशक तक कांग्रेस की सपोर्टर थीं, बाद में मुस्लिम लीग की सदस्य बन गईं।

शाह हुसैन का उपन्यास 'द हार्ट डिवाइडेड'

कविताएं लिखने वाली मुमताज शाह हुसैन का उपन्यास 'द हार्ट डिवाइडेड' उनकी मृत्योपरांत 1957 में प्रकाशित हुआ क्योंकि 1948 में वे यूएन में कश्मीर पर बोलने के लिए न्यूयॉर्क जा रही थीं तब प्लेन क्रैश में मात्र 35-36 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई। उपन्यास में भी कांग्रेस से मोहभंग दिखाया गया है।

वे उपनिवेशवाद के विरोध में थीं। प्रारंभ में ब्रिटिश शासन खत्म कर कई अन्य राजनैतिक लोगों की भांति यूनाइटेड इंडिया बनाने के पक्ष में थीं। बाद में मुसलमानों के अलग देश के विचार का समर्थन करने लगीं और उनके उपन्यास का शीर्षक भी वहीं से आता है। उपन्यास में वे दिखाती हैं कि देश के बंटवारे के पहले लोगों के दिलों का बंटवारा हो चुका था। भले ही पहले वे मिलजुल कर रहते थे पर दोनों समुदायों के विचार, आचार-व्यवहार भिन्न थे। उनमें विवाह संबंध संभव नहीं था। दोनों समुदाय के लोगों के मध्य युवक-युवती का प्रेम स्वीकार्य न था।

यह आत्मकथात्मक उपन्यास जमींदार परिवार के शेख जमालुद्दन अर उनकी बीवी मेहरुनिस्सा, उनके बेटे एवं बेटियों अर्थात उच वर्ग की कथा है। दो मुस्लिम स्त्रियों जोहरा-सुगरा के निजी जीवन और राजनीतिक परिवर्तन की कहानी कहता है। उनकी हवेली 'निशात मंजिल' जनानखाना और मर्दानखाना में बंटी हुई है। औरतें पर्दा करती हैं।

ब्रिटिश हुकूमत से निकलने के संघर्ष काल में पढ़ी-लिखी दोनों बहनों जोहरा और सुगरा तथा उनके भाई हबीब जमालुद्दीन की कहानी उस काल की कहानी भी है। तीनों अपने-अपने तरीके से हिन्दु-मुस्लिम एकता कायम करने की कोशिश करते हैं। वे कांग्रेस और मुस्लिम लीग की विशिष्टताओं पर बहास करती हैं। प्रत्येक राष्ट्र की अपनी अंदुरूनी जटिलताएं होती हैं।

इतिहास वही नहीं होता है जो इतिहास की किताबों में दर्ज होता है। वह प्रतिपल घटित होता है, उसे साहित्य भी दर्ज करता है, वह इस उपन्यास में भी दर्ज है। तीस के दशक में पाकिस्तान का बीज बोया जाने लगा था। लोगों के विचार परिवर्तित होने लगे थे। राजनीतिक हलचल 1938 लीग के पटना सत्र, लाहौर रिजोलूशन आदि घटनाओं के मार्फ़त दिखाए गए हैं।

कई मुद्दों को उठाने वाले इस उपन्यास का कथानक परम्परा और आधुनिकता के इर्द-गिर्द घूमता है। विभाजन पूर्व हिन्दुओं और मुसलमानों में दोस्ती थी, परिवार भी संबंध कायम करते थे। सारी बातें युवाओं के माध्यम से की गई हैं। इनके अपने आदर्श हैं, अपनी प्रेरणाएं हैं। वे अपने अभिभावकों तथा अपने आसपास के समाज के परपम्परागत मूल्यों को चुनौती देते हैं। जोहरा पूछती है, 'क्या समुदायों के कानून से बड़ कोई और कानून नहीं है?

मनुष्यता का कानून जो आदमी और आदमी के बीच बाधाओं को नकारे...' समान समाज की बात करते हैं। अपनी तरह से समाज परिवर्तन का ख्वाब देखते हैं। निजी महत्वाकांक्षाओं, प्रेम, राजनीति के द्वारा वे यह करना चाहते हैं। राष्ट्रीय मुद्दों पर बहस करते हैं। उनकी ख्वाइश है कि कॉन्ग्रेस और मुस्लिम लीग एक होकर काम करे।

यहां आदर्शवाद है और उसकी सीमाएं भी नजर आती हैं। हालांकि तमाम बौद्धिक बहस अर आदर्शवाद के बावजद उनके पास उनके देश के भविष्य की कोई व्यवहारिक योजना नहीं है। यथार्थ काफी कटु और कठोर है। उनका स्वप्न कभी पूरा नहीं होता है। अंतत= मनुष्यता एवं मनुष्यों की अकूत कीमत पर देश का विभाजन हो जाता है।

मोहिनी की कहानी

उपन्यास में एक हिन्दू एक्टिविस्ट लड़की मोहिनी भी है। ब्राहम्ण लड़की मोहिनी एवं हबीब में लगाव है, जाहिर-सी बात है, परिवारों को यह पसंद नहीं, मोहिनी परिवार के दबाव में है वह प्रेमी और माता-पिता के अपने प्रेम के बीच झूलती रहती है। उपन्यासकार मोहिनी को उन दिनों के राजरोग टीबी से समाप्त कर देती है क्योंकि उपन्यास में लिखा है, 'तुम दोनों दोनों परिवारों केलिए बेइजती लाओगे अर सदा केलिए उन्हें जुदा कर दोगे।' मुमताज अपने उपन्यास में स्त्री संबंधित मुद्दे उठाती हैं, खासकर मुस्लिम समाज की लड़कियों/औरतों से संबंधित मुद्दे।

जोहरा की सहेली नजमा अपने खानदान की इजत केलिए कुर्बान होती है, उसके घर वाले उसकी मर्जी के खिलाफ़ उम्र में 35 साल बड़े दुहाजू नवाब वकरुद्दीन के बेटे नसिरुद्दीन से उसकी सगाई करा देते हैं। जोहरा जिस आदमी को पसंद करती है, घर वालों की नजर में वह नीची जाति/वर्ग का है। वह नौकरी करती है और शादी से इंकार कर देती है। खानदान केलिए उसके ये निर्णय किसी झटके से कम नहीं हैं। औरतों का काम करना मतलाब खानदान की नाक कटना।

पढ़ी-लिखी सुगरा और उसके पति मंसूर की दुनिया बिल्कुल अलग है। मंसूर को उसके शरीर से मतलब है उसकी भावनाओं से नहीं। सुगरा मुस्लिम स्त्री के आदर्श को आत्मसात किए हुए सोचती है वह पति को अपनी सेवा से खुश रखेगी, उसका विश्वास है, घर ही औरत की जन्नत है। लेकिन शादी के बाद वह खुश नहीं है।

मुमताज दिखाती हैं कि विभाजन पूर्व हिन्दू-मुस्लिम एक इलाके में रहते हुए भी अपने-अपने रीति-रिवाज, संस्कृति से बंधे हुए थे। धर्म परिवर्तन के बिना इनमें शादियां नहीं हो सकती थीं। वे इन्हीं घरेलू नियमों, संस्कृति की भिन्नता, धार्मिक असहष्णुता, विचारों में भेद, राजनीतिक विभाजन को देश विभाजन केलिए उत्तरदायी मानती हैं।

# हर दिन आठ हजार से अधिक लोग ले रहे हैं डिजिटल कुंभ का आनंद

## AI करा रही है नारायण से बात



डिजिटल कुंभ लोगों को खूब आकर्षित कर रहा है। रोजाना सात से आठ हजार लोग इसका आनंद उठा रहे हैं। अब तक 90 हजार से यादा लोग डिजिटल कुंभ देख चुके हैं। शनिवार को तकरीबन आठ हजार श्रद्धालु पहुंचे। इसमें से कई श्रद्धालुओं ने कहा कि भैया, ऐसे लग रहा है कि जैसे समुद्र मंथन के समय हम मौजूद हैं। डिजिटल दीप दान भी लोगों का खूब लुभा रहा है।वहीं, श्रद्धालुओं ने एआई के माध्यम से नारायण से बात कर उनका हाल जाना और अपने सवाल भी पूछे। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह डिजिटल कुंभ के साथ-साथ सनातन का कुंभ भी है। डिजिटल कुंभ में लगी भगवान नीलकंठ की प्रतिमा, समुद्र मंथन के पास लगे एरावत हाथी, नौका विहार में नाव के पास और दीप दान करते समय श्रद्धालु सेल्फी लेना नहीं भूल रहे हैं। पर्यटन विभाग की ओर से लगाए गए डिजिटल कुंभ के मैनेजर सोरन तोमर ने बताया कि अब तक लगभग 90 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने डिजिटल कुंभ का आनंद लिया है। मैंने पहली बार डिजिटल कुंभ का अनुभव लिया है। इसके माध्यम से हमें पता चला की समुद्र मंथन कैसे हुआ और अमृत की धारा कहां कहां गिरी।

– एमके सारस्वत, अजमेर

बस इतना ही कहूंगी कि यह बहुत यादा सुंदर है। ऐसा लग रहा है पूरी दुनिया दिख गई है यहीं पर। प्रयाग में वैसे भी देवताओं का वास होता है लेकिन समुद्र मंथन में भगवान के दर्शन भी हो गए।

# मोनालिसा के 10 करोड़ कमाने का दावा वायरल




महाकुंभ 2025 के आयोजन के दौरान प्रयागराज में इंदौर की मोनालिसा का नाम हर जगह छाया हुआ है. माला बेचने वाली इस युवती ने अपनी नेचुरल खूबसूरती और अदाओं से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. उनकी कत्थई आंखों और सादगी ने लोगों का दिल जीत लिया है, जिसके कारण वह रातों-रात इंटरनेट सेंसेशन बन गई हैं.

**क्या वाकई बनीं करोड़पति?**

इन दिनों सोशल मीडिया पर यह दावा तेजी से वायरल हो रहा है कि मोनालिसा ने महाकुंभ में महज 10 दिनों के भीतर 10 करोड़ रुपए कमा लिए हैं. इन खबरों ने लोगों को चौंका दिया है और हर कोई इस बात की सच्चाई जानना चाहता है.

**माला बेचने से इंटरनेट सेंसेशन तक का सफर**

मोनालिसा, जो मध्य प्रदेश के इंदौर की रहने वाली हैं, अपने परिवार के साथ रुद्राक्ष और मोतियों की माला बेचने का काम करती हैं. महाकुंभ में भी वे इसी उद्देश्य से आई थीं. लेकिन उनकी खूबसूरती और अनोखी व्यक्तित्व ने उन्हें सोशल मीडिया पर खास पहचान दिलाई. उनके वीडियो और तस्वीरें जमकर वायरल हो रही हैं.

यह दावा किया जा रहा है कि मोनालिसा ने अपनी माला बेचकर 10 दिन में 10 करोड़ रुपए कमाए. हालांकि, इस बात को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. मोनालिसा ने खुद इस दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसी खबरें महज अफवाह हैं.

**सोशल मीडिया पर मोनालिसा का प्रभाव**

मोनालिसा के वीडियो और तस्वीरों ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है. उनके प्रशंसक लगातार उनकी तारीफ कर रहे हैं. हालांकि, 10 करोड़ कमाने के दावे की सच्चाई पर सवाल बरकरार है.

# अखाड़ों में नियम तोड़ने पर कोतवाल देते हैं ऐसी सजा, जानकर हो जाएंगे हैरान




प्रयागराज में संगम तट पर दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला महाकुंभ लगा हुआ है। गंगा, युमना और सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम तट पर लाखों की संख्या में साधु संत पहुंचे हैं। 13 जनवरी 2025 से शुरू हुआ महाकुंभ 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। संगम में स्नान करने के लिए साधु-संतों के अलावा दुनियाभर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक, महाकुंभ में करीब 45 करोड़ लोगों के पहुंचने की संभावना है।

महाकुंभ की भव्यता और विशालता की सदियों पुरानी परंपरा है। महाकुंभ में प्राचीन परंपराओं और अनुशासन का पालन किया जाता है। कुंभ की शोभा और सार्थकता अखाड़ों से बनती है और अखाड़े ही परंपराओं के निर्वाहक हैं। भारत में कुल 13 प्रमुख अखाड़े हैं, जो शैव, वैष्णव पंथ और उदासीन के संन्यासियों के हैं। इनमें सात अखाड़े शैव संन्यासी संप्रदाय के हैं, तीन वैष्णव संप्रदाय और बाकी अखाड़े उदासीन संप्रदाय के हैं। इन अखाड़ों का इतिहास सदियों पुराना है। आदि गुरु शंकराचार्य ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अखाड़ों की स्थापना की थी। आज हम आपको अखाड़ों के अनोखे नियम और सजा के बारे में बताएंगे।

क्या है अखाड़ों के नियम

अखाड़ों में कोतवाली परंपरा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अखाड़ों में नियमों का पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी कोतवाल पर होती है। महाकुंभ में हर अखाड़े की अपनी कोतवाली होती है। कोतवाल पद का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि अखाड़ों के नियमों का किसी भी परिस्थिति में उल्लंघन न होने पाए। बड़े अखाड़ों में चार कोतवाल होते हैं, जो अपनी-अपनी कोतवाली को संचालित करते हैं। छोटे अखाड़ों में दो कोतवाल होते हैं। इन कोतवालों का चयन कुंभ शिविर की स्थापना के समय होता है।

अखाड़े में प्रवेश करते समय सबसे पहली मुलाकात कोतवाल से होती है। वह अपने हाथों में चांदी चढ़ी लाठी लेकर रहते हैं। कोतवालों को अनुशासनहीनता या अखाड़े के नियम तोड़ने पर सजा देने का अधिकार होता है। नियम तोड़ने वालों को कोतवाल सजा देते हैं। नियम तोड़ने वाले को कड़ाके की ठंड में गंगा में 108 डुबकी लगवाई जाती है। कोतवालों द्वारा गुरु कुटिया या रसोई की चाकरी और खुले आसमान के नीचे खड़ा रहने की सजा भी दी जाती है।

अखाड़े में गुरु की कुटिया के पास कोतवाली होती है। कोतवालों की तैनाती एक सप्ताह के लिए, तो कहीं पूरे मेला के लिए होती है। किसी अखाड़े में तीन साल के लिए भी कोतवालों की तैनाती होती है।

महाकुंभ में दूसरे अमृत स्नान के बाद कोतवालों का चयन किया जाता है। कोतवाल का कार्यकाल अच्छा होने पर उन्हें सर्वसम्मति से थानापति या अखाड़े के महंत का पद भी दिया जाता है। अखाड़े के शिविर की सुरक्षा और अखाड़े में अनुशासन बनाए रखने में कोतवाल की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

# गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर सुश्री बाफना ने ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली

### जिले में 76 वॉ गणतंत्र दिवस हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

**भगवान दास बैरागी । सिटी चीफ शाजापुर,** जिले में 76वे गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 के अवसर पर जिला मुख्यालय पर संपन्न हुए 5मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउण्ड में संपन्न हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर सुश्री बाफना ने प्रातः ठीक 9.00 बजे ध्वज फहराया। इसके साथ ही राष्ट्रगान हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना एवं पुलिस अधीक्षक श्री यशपाल सिंह राजपूत ने परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री बाफना ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम दिये गये संदेश का वाचन किया। संदेश वाचन के उपरांत परेड में शामिल जवानों द्वारा हर्ष फायर किया गया। इसके उपरांत परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक श्रीमती वंदना सिंह के नेतृत्व में परेड ने आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन कर सलामी दी। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट में शामिल दलों के कमाण्डर्स से परिचय प्राप्त किया। साथ ही मुख्य अतिथि ने हर्षोल्लास के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़े तथा स्वतंत्रता संग्राम तथा लोकतंत्र सैनानियों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया।



इसके उपरांत ईटरनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने योग एवं पीटी का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय सीएम राईज विद्यालय के विद्यार्थियों ने लोक नायक बिरसा मुण्डा को समर्पित आदिवासी जंगल रखवाला है गीत पर आकर्षक सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इसी तरह एमजी कान्वेंट के विद्यार्थियों ने संकल्प से सिद्धी थीम पर यह जन्मभूमि है, स्वर्ग भूमि है, यह कर्म भूमि है गीत पर, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 01 के विद्यार्थियों ने वीरांगना लक्ष्मीबाई को समर्पित थीम पर हो जाओ तैयार साथियों गीत पर, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि के विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोक गीत रूण-झुण बाजे घुंघरा तथा इटरनल स्कूल ऑफ स्टडीज के विद्यार्थियों ने भारतीय दर्शन शास्त्र थीम पर 'जगत चेतना हूं, अनादी अनंता गीत पर सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया। इसके उपरांत खेल विभाग के खिलाड़ियों ने रोप मलखम्ब, हेंगिंग मलखम्ब एवं पोल मलखम्ब पर विभिन्न मुद्राओं में योग का प्रदर्शन किया।

**झांकियो का प्रदर्शन** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में जिला पंचायत ने समग्र ग्रामीण विकास की ओर बढ़ते कदम, किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने विजन 2047 में कृषि के परिदृश्य पर आधारित, महिला एवं बाल विकास विभाग ने जिले में 200 आंगनवाड़ी केन्द्रों में प्रारंभ की गई प्री नर्सरी शिक्षा, उद्यानिकी विभाग ने फल ए शाजापुर बागवानी के क्षेत्र में उपलब्धियों, जिला शिक्षा अधिकारी ने ज्ञानार्थ प्रवेश सेवार्थ प्रस्थान, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने मेक इन इंडिया थीम, पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने गौ रक्षा वर्ष, स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान भारत निरामय योजना, नगरपालिका ने आत्मनिर्भर भारत एवं स्वच्छ भारत की ओर बढ़ते कदम, जनजातीय कार्य तथा अनुसूचित जाति कल्याण अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना एवं पुलिस विभाग ने डिजिटल जागरूकता से सायबर सुरक्षा तथा यातायात जागरूकता थीम पर झांकियों का प्रदर्शन किया।

**पुरस्कारों का वितरण** गणतंत्र दिवस पर संपन्न हुए मुख्य समारोह में उत्कृष्ट परेड, उत्कृष्ट झांकियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन के लिए समूह अ में विशेष सशस्त्र पुलिस बल को प्रथम, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा बल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी तरह समूह ब में परेड में शामिल उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 एनसीसी जूनियर छात्रा दल को प्रथम, बीकेएसएन महाविद्यालय एनएसएस जूनियर छात्रा दल को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। परेड में शामिल समूह स में जूनियर रेडक्रास मॉ उमिया ज्ञानपीठ शाजापुर की छात्राओं के दल को प्रथम तथा महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि स्काउट गाईड को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन में इटरनल स्कूल ऑफ स्टडीज को प्रथम, उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 01 को द्वितीय तथा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि को तृतीय पुरस्कार एवं एमजी कान्वेंट व सरदार वल्लभभाई पटेल सीएम राईज विद्यालय को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। झांकियों के प्रदर्शन में पुलिस विभाग की झांकी को प्रथम, शिक्षा विभाग की झांकी को द्वितीय तथा उद्यान विभाग की झांकी को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा समाज सेवा से जुड़े व्यक्तियों को भी प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह का संचालन श्रीमती रेखा पुरोहित ने किया। इस मौके पर विधायक श्री अरूण भीमावद, नगरपालिका अध्यक्ष श्री प्रेम जैन, सहायक कलेक्टर श्री शिवम यादव, अपर कलेक्टर श्री बीएस सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ श्री संतोष टैगोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री टीएस बघेल, पूर्व विधायक श्री पुरूषोत्तम चन्द्रवंशी, डॉ. रवि पाण्डे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस पर कटनी पहुंचे मंत्री उदय प्रताप सिंह ने किया ध्वजारोहण, दी शुभकामनाएं

### प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में अग्रसर सरकार- मंत्री उदय प्रताप सिंह का बयान

**सुनील यादव । सिटी चीफ** कटनी, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन कटनी पहुंचे प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर ध्वजारोहण किया। ध्वजा रोहन कर परेड का निरीक्षण करने के बाद मंच से मुख्यमंत्री के संदेश का प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने वाचन किया। प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह पुलिस लाइन में आयोजन गणतंत्र दिवस पर आसमान में तिरंगे गुब्बारे छोड़े जिसके बाद हर्ष फायरिंग पुलिस विभाग के सिपाहियों द्वारा की गई जिसके बाद परेड की सलामी लेते हुए पुलिस लाइन में होने वाले गणतंत्र दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का भी प्रभारी मंत्री ने आनंद लिया। वही कई विभागों द्वारा झाकियां की दिखाई गई।



26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर कटनी पहुंचे प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान प्रदेश और देश वासियों का अभिनंदन करते हुए गणतंत्र दिवस भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाला समय कीर्ति मय हो यशस्वी हो भारत का गौरव दुनिया में और बढ़े वही पत्रकारों द्वारा कटनी जिले में भी शराब बंदी के लिए किए गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पहले मां नर्मदा के किनारे शराब बंदी की गई और अब जो धार्मिक स्थल है जो हमारी आराधना का केंद्र ओर सनातन संस्कृति के प्रतीक के रूप में कहा पर हम आराधना के लिए जाते है उन 17 स्थानों पर शराब बंदी हुई है। अब इसके बाद दूसरा कम सरकार ने बढ़ाया है और मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार धीरे धीरे पूरे प्रदेश की नशा मुक्त जरूर बनाएंगे। वही इंदौर में भिक्षा वृत्ति रोकने के पुरजोर प्रयास को लेकर पूछे गए सवालों पर उदय प्रताप ने कहा कि जिनती सावधानियां सामाजिक परिवेश और सामाजिक जीवन में बढ़ती जानी चाहिए प्रशासन और सरकार उनपर हमेशा जागरूकता से साथ काम करेगी।

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान में सभी की सहभागिता आवश्यक - डीएम मनीष बंसल

### 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जनमंच में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम, जिलाधिकारी ने दिलाई मतदाता शपथ

**गौरव सिंघल । सिटी चीफ ( उ प्र )** सहारनपुर, जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल द्वारा 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विगत निर्वाचनों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करते हुए उपस्थित सभी को मतदाता शपथ दिलाई। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उपस्थित जनों को मतदाता शपथ दिलाई कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। डीएम मनीष बंसल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब गौरवशाली है कि हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। हमारे देश के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समान प्रक्रिया से निर्वाचन कराया जाता हैं। उन्होने उपस्थित सभी स्कूली बच्चों से कहा कि जब वह 18 वर्ष के हो जाएं तो वोट बनवाते हुए स्वयं मतदान करें एवं अपने आस-पास भी सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होने कहा कि अपनी पसंद की सरकार चुनने का एकमात्र साधन मतदान ही है। प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। मताधिकार का प्रयोग आपको जनप्रतिनिधियों को चुनने और शिकायत करने का अधिकार प्रदान करता है, इसलिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक चुनी हुई सरकार में सभी की सहभागिता आवश्यक है। मतदान करना सभी का नैतिक कर्तव्य है और प्रत्येक व्यक्ति को जाति, धर्म एवं सम्प्रदाय से ऊपर उठकर स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति को चुनना चाहिए, लोकतंत्र में अपने जनप्रतिनिधि को चुनने में बिना किसी लोभ, लालच या दबाव के सोच-समझकर मतदान करें।



उपजिलाधिकारी सदर अंकुर वर्मा एवं उपजिलाधिकारी नकुड़ श्रीमती संगीता राघव ने अपनी वोट बनवाने के नियम, आयु सीमा, फॉर्म, एप के साथ प्रश्नोत्तर के माध्यम से मतदाता जागरूकता एवं मतदान की प्रक्रिया से संबंधित नए वोटरों को जानकारी दी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी ने अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने देश भक्ति गीत, भाषण, नुक्कड़ नाटक, नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी जो मतदाता जागरूकता पर आधारित थी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, एसपी सिटी व्योम बिंदल, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, मुख्य कोषाधिकारी सूरज कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रेखा, कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्र चौहान, कार्यक्रम संचालक राकेश शर्मा, सुधीर जोशी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण, मीडिया बंधु एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ममगाईं ने कलेक्टोरेट परिसर में फहराया तिरंगा

**गणेश वैष्णव । सिटी चीफ ( छग )** नारायणपुर, जिला कार्यालय नारायणपुर कलेक्टोरेट परिसर में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर उन्होने कलेक्टर परिसर स्थित गांधी प्रतिमा, छत्तीसगढ़ महतारी और शहीद गुण्डाधुर के प्रतिमा पर माल्यांर्पण किया। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर जय उरांव, एसडीएम गौतम पाटिल, डिप्टी कलेक्टर डॉ. सुमित गर्ग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ. राजेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, वरिष्ठ निज सहायक दीपक हिरवानी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# इंडियन कौंसिल आफ प्रेस छत्तीसगढ़ की महिला शाखा ने मनाया हर्षोल्लास से गणतंत्र दिवस

**राजीव खरे । सिटी चीफ ( छग )** रायपुर, छत्तीसगढ़ में इंडियन कौंसिल आफ प्रेस की महिला शाखा ने बड़े हर्षोल्लास के साथ 76 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया । रायपुर में राज्य कार्यालय में इन्होंने प्रातः तिरंगा फहराया और अन्य साथियों के साथ राष्ट्रगान व देशभक्ति के गीत गाए। इसके बाद कार्यालय के सभागार में इनके द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें बड़े ही मनोरंजक गीत व नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पिछले वर्ष कौंसिल द्वारा किये गए कार्यों व लिये गए इनीशियेटिव की भी जानकारी दी गई। अंत में मिठाई वितरण व स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर वहाँ सानिया खान, दिया बैरागी, सरिता कंधेर, रेणुका नायक, कमलेश्वरी धीवर, हिना देवांगन, ललिता साहू, ललिता लहरी , भारती, सुमन साहू , व राज्य कार्यकारिणी सदस्य धन सिंह बंजारे , देवेंद्र बंजारे कुलदीप साहू इत्यादि उपस्थित थे ।




# सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षोत्साह के साथ मनाया

**राजीव खरे । सिटी चीफ़ ( छग )** रायपुर, सामाजिक संस्था सुधा सोसाइटी फाउंडेशन ने 76 वाँ गणतंत्र दिवस आमासिवनी स्थित अपने ओपन स्कूल में हर्षोत्साह से समाज के लोगों और बच्चों के साथ मनाया। आज के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छतीसगढ़ अग्रवाल समाज की महामंत्री सुनीता चौधरी और गेस्ट ऑफ़ आनर स्वर्ण भूमि की समाज सेविका सुनीता गर्ग थीं । संस्था के चेयरमैन गोपाल कृष्ण भटनागर ने समस्त राष्ट्र वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की अनंत शुभकामनाएं दीं और कहा राष्ट्र की उन्नति ही हमारी स्वयं की उन्नति भी है। किसी भी राष्ट्र का उत्थान उसके नागरिकों द्वारा राष्ट्र के प्रति निष्ठावान एवं कर्तव्यपरायणता की भावना में ही निहित है। यह राष्ट्रीय पर्व है । हमारा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में अग्रसर हो रहा हैं । देश के भावी नागरिक देश का कल बदलने में सक्षम होंगे । बच्चों को संघर्ष करके उपलब्धि प्राप्त करनी है, रोग से और बुराइयों से लड़ना है । तभी वे अपने देश के बढ़िया नागरिक बनेंगे । संस्था की अध्यक्ष दीप्ति गोयल ने बच्चों को देश भक्ति और देश सेवा के बारे में संदेश दे कर प्रगति करने में लिए प्रोत्साहित किया । आर के सूद ,संस्था के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अपने सन्देश में कहा कि हमारे गणतंत्र दिवस की सफलता इसी में है कि हम सबके भीतर राष्ट्र प्रेम का भाव जन्म ले सके । हम सब को अपने बलिदानी शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देनी चाहिए और उनके बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए । बच्चे नए भारत की तकदीर हैं और राष्ट्र निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका के बीज हैं।मुख्य अतिथि सुनीता चौधरी ने कहा आज के इस पावन दिवस* में माँ भारती की सेवा में सतत संलग्न वीर सैनिकों को प्रणाम करते हुए, माँ भारती की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले उन वीर सपूतों को बार - बार नमन जिन्होंने इस माँ भारती के वैभव को सदा सर्वदा ऊँचा और अमर बनाए रखा। आओ राष्ट्र हित में अपने - अपने निजी स्वार्थों की आहुतियां देते हुए इस गणतंत्र को सफल बनायें। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम ,देश भक्ति के गीत और छत्तीसगढ़ गढ़ की सांस्कृतिक पहचान और झांकी प्रस्तुत की ।अध्यक्ष ने अथितियों का स्वागत कॉफ़ी मग दे कर किया। सभी बच्चों को मिठाइयाँ एवम नए कपड़े वितरित किये गए । राष्ट्रगीत गा कर कार्यकरम का समापन किया गया।



# सभ्यता, संस्कृति की गौरव गाथा के अनुरूप गण और तंत्र समवेत होकर करें कार्य-प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार

## हर्षोल्लास, उमंग एवं उत्साह के साथ अनूपपुर जिले में मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

**सुशिल सोनी । सिटी चीफ**

अनूपपुर, मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने जिलेवासियों को भारतीय गणराज्य के 76वें गणतंत्र दिवस पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब भारतीय सभ्यता और संस्कृति की गौरव गाथा के अनुरूप गण और तंत्र समवेत होकर आत्म-निर्भर देश एवं प्रदेश के निर्माण में योगदान दें। मध्यप्रदेश को आगे बढ़ाने और विकास के लिये हर नागरिक अपना योगदान दे। आज राष्ट्र के जन-गण-मन में देशभक्ति और देश के लिए गर्व का भाव सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ पर राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए शहीद राष्ट्रभक्तों और ज्ञात-अज्ञात सेनानियों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि। आज संविधान निर्माताओं के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करने का दिन है। मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने गणतंत्र दिवस पर अनूपपुर में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में झण्डा वंदन कर भव्य परेड की सलामी ली और जिलेवासियों को संबोधित किया।

**प्रभारी मंत्री ने ली परेड की सलामी**

मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने 76वें पावन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर अनूपपुर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में झण्डा वंदन कर परेड की सलामी ली। पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान की धुन बजाई। मुख्य अतिथि मंत्री श्री दिलीप अहिरवार, कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली तथा पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान व परेड कमान्डर सूबेदार श्री विनोद दुबे के साथ खुले वाहन में परेड का निरीक्षण किया। तत्पश्चात् समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नागरिकों के नाम प्रसारित संदेश का वाचन किया तथा मुख्य अतिथि ने शांति के प्रतीक के रूप में तिरंगा गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा।

**विभिन्न दलों ने मार्चपास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को दी सलामी** मुख्य समारोह में विशेष सशस्त्र बल 10 वीं वाहिनी (एस.ए.एफ.), जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), जिला होमगार्ड बल, एन.सी.सी. सीनियर तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर, एन.सी.सी. जूनियर शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. अनूपपुर, जूनियर स्काउट गाईड शा. मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, सीनियर स्काउट शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाईड शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रेडक्रास शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर, स्काउट गाईड सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर तथा महिला बाल विकास विभाग के शौर्या दल ने मार्चपास्ट किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। परेड के सशस्त्र दलों ने तीन चरणों में हर्ष फायर



किया। पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान जन-गण-मन की धुन के साथ अन्य देशभक्ति गीतों की धुनें प्रस्तुत की। जिसमें सीनियर वर्ग परेड में जिला पुलिस बल (महिला) की प्लाटून कमान्डर उप निरीक्षक श्रीमती सविता लकड़ा को प्रथम, जिला पुलिस बल (पुरुष) के प्लाटून कमान्डर उप निरीक्षक श्री त्रिलोक सिंह वालरे को द्वितीय एवं विशेष सशस्त्र बल 10 वीं वाहिनी (एस.ए.एफ.) के प्लाटून कमान्डर सहायक उप निरीक्षक श्री बीर सिंह परमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार परेड कमान्डर श्री विनोद दुबे को प्रथम एवं सेकण्ड इन कमान्डर उप निरीक्षक श्री अनुराग अवस्थी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पुलिस बैंड में श्री अरविन्द कुमार को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जूनियर वर्ग परेड में स्काउट गाईड सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्लाटून कमान्डर श्री अनिकेत कुमार नाविक को प्रथम, स्काउट गाईड शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्लाटून कमान्डर कु. प्रिया सिंह को द्वितीय एवं महिला बाल विकास की शौर्या दल की प्लाटून कमान्डर कु. अंजली चौरसिया को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधिकारी और कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा, सराहनीय सेवा और वीरता के लिए सम्मानित किया।

**शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों का किया गया सम्मान**

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप अहिरवार ने देश की सेवा में वीर गति को प्राप्त करने वाले शहीदों के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानियों का शॉल-श्रीफल देकर सम्मान किया।

**देशभक्ति के रंग में रंगकर नागरिकों ने मनाया गणतंत्र दिवस** अनूपपुर जिले में 76 वाँ पावन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस गरिमामय तरीके से उत्साहपूर्वक व देशभक्ति के रंग में रंगकर नागरिकों ने मनाया। प्रात:काल से ही देशभक्ति से ओतप्रोत मधुर गीतों की ध्वनि गुंजायमान रही। जिला मुख्यालय से लेकर गांव तक तिरंगे के प्रति कर्तव्य भाव देखा गया। गणतंत्र दिवस का पर्व आज़ादी के सैनानियों के अदम्य शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर विकसित भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध होने का अवसर है। गरिमामय तरीके से झंडा वंदन के साथ जनगणमन राष्ट्रगान किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह में राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) श्री रामलाल रौतेल, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष श्री रामदास पुरी, कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर श्री दिलीप पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजुलिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री इसरार मंसूरी, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पराजगढ़ श्री हीरा सिंह श्याम, शहीदों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी श्री मूलचंद्र अग्रवाल, श्री चन्द्रशेखर चतुर्वेदी समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक तथा महिलाएं, विद्यार्थी व प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री की सभा में वरिष्ट कार्यकर्ताओं की उपेक्षा

### बिना दायित्ववान लोगो को मंच पर बैठाने से कार्यकर्ताओ में काफी नाराजगी

### विधानसभा में बढ़ रही गुटबाजी




मण्डलेश्वर - 24 जनवरी को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की महेश्वरजानापाव उद्वहन सिंचाई योजना जिसकी कुल लागत 982. 59 करोड़ का शिलान्यास किया इस परियोजना से खरगोन जिले की महेश्वर , धार जिले की पीथमपुर , एंव इंदौर जिले की महू तहसील के 123 ग्रामो के किसानों के खेत मे सिंचाई के लिए नर्मदा का जल पहुँचेगा इससे इन किसानों का कृषि उत्पादन बढेगा और उनकी अर्थिक सुदृढ़ होगी। वही मुख्यमंत्री ने मंच से महिला शसक्तीकरण की बात की वही इस सभा को लेकर लोकल कार्यकता सहित विधानसभा महेश्वर के लोग नाराज दिखाई दिए ।

महेश्वर मण्डलेश्वर के लिए कोई बड़ी घोषणा नही होने से व्यथित हो गए

मुख्यमंत्री कार्यक्रम सभा के मंच पर महिला शक्ति को जगह नही देने से नाराज़गी सामने आई प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजुला मेवाड़े ने बताया की मुख्यमंत्री की सभा मे महिला शक्ति को सम्मान नही मिला उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के मंच पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सरिता पाटीदार , महिला मोर्चा जिला महामंत्री सिंधु जोशी , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंजुला मेवाड़े , जिला पंचायत सदस्य संगीता कमल कांनुड़े , नगर परिषद उपाध्यक्ष ज्योति हरि गाडगे , महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष जया वर्मा , सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता अरविंद हलवे , सुरेश व्यास , अनुसूचित मोर्चा मण्डल अध्यक्ष हरि गाडगे , भाजपा सदस्यता प्रभारी भरत राठौड़ , युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष लोकेश केवट मण्डल महामंत्री संदीप हिरवे ,सहित वरिष्ठों को मंच पर स्थान नही मिलने से नाराजगी जाहिर की है।

श्रीमती मेवाड़े ने बताया कि कुछ लोग गुटबाजी को बड़ावा दे रहे है। विधायक मेव ने उन लोगो को पास जारी करवाये जिन्होंने न कभी कोई चुनाव लड़ा न पार्टि में किसी संघठन पर पद पर है। ऐसे नगर के पांच से छः लोगो को मुख्यमंत्री के मंच पर बैठाया जो कि मुख्यमंत्री के पोट्रोकाल का भी उलंघन है। सदस्यता अभियान प्रभारी सीताराम ठाकुर ने बताया कि मंच पर बैठे मुख्यमंत्री मंत्रीगण के साथ ऐसे लोगो को मंच पर बैठाया जिनके पास कोई दायित्व नही है न कभी निर्वाचित हुए ऐसे लोगो को मंच पर बैठाकर वरिष्ठ कार्यकताओ का अपमान किया है। मण्डल सदस्यता सह प्रभारी भरत राठौड ने भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय नेता काम करने वाले कार्यकर्ताओ की उपेक्षा कर रहे है मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पोट्रोकाल का ध्यान नही दिया गया।।

# कुकड़ेश्वर नगर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए




**कुकड़ेश्वर**

कुकड़ेश्वर नगर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस कुकड़ेश्वर नगर में तहसील टप्पा कार्यालय पर एवं ग्लोबल विजडम विद्यालय पर एवं कुकड़ेश्वर के सी एम राइस विद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया नगर के शासकीय विद्यालय एवं अशासकीय विद्यालय के सभी बच्चों ने नगर में प्रभात फेरी निकालकर नगर में ग्लोबल विजडम विद्यालय के छात्रों ने अनोखे अंदाज में रैली निकाली बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा के साथ नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा एक अनोखी रैली निकाली रैली जुलूस के रूप में निकलते हुए सी एम राइस विद्यालय प्रांगण में पहुंची जहां संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ नगर परिषद के सीएमओ कमल सिंह परमार एवं नगर परिषद के अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेंद्र पटवा के द्वारा झंडा वंदन किया गया तहसील टप्पा कार्यालय पर तहसीलदार नायाब तहसीलदार नवीन सलोत्रा के द्वारा झंडा वंदन किया गया तहसील कार्यालय पर मौजूद मध्य प्रदेश पटेल संघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं नगर पटेल राजेंद्र पटेल एवं टप्पा क्षेत्र से लगे सभी कोटवार एवं पटवारी राजस्व विभाग के सभी कर्मचारियों की मौजूदगी में तहसील कार्यालय पर झंडा वंदन किया गया इस अवसर पर तहसील कार्यालय पर तहसीलदार नवीन सलोत्रा के द्वारा पत्रकार राजेंद्र पटेल को बताया कि नगर एवं क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं के साथ सभी किसान भाइयों को गणतंत्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई दी गई एवं तहसील कार्यालय की नवीन बिल्डिंग का लोकार्पण नहीं होने पर पत्रकार पटेल ने तहसीलदार महोदय से पूछने पर तहसीलदार महोदय ने बताया कि आगामी 15 अगस्त से पहले तहसील कार्यालय की नवीन बिल्डिंग पर तहसील कार्यालय शिफ्ट होगा और अगला झंडा वंदन नवीन बिल्डिंग पर ही होगा

# परम पूज्य लोकनाथ तीर्थ स्वामी महाराज ट्रस्ट नासिक से परम पूजनीय प्रभुणेजी महाराज अपने

साथ में ट्रस्ट से गोविलकर सर ट्रस्ट के सचिव आदरणीय निखिल प्रभु ने जी आदरणीय श्रीमान सतीश पाटिल साहब एवं आदरणीय राजेंद्र जोशी सर के साथ उपकेंद्र खेतिया तहसील पानसेमल जिला बड़वानी का एवं पानसेमल में साधक श्री गोविंद गुप्ता जी के स्कूल भवन का लोकार्पण कार्यक्रम में उपस्थित होने एवं केंद्र के साधकों को मार्गदर्शन करने एवं भेंट कार्यक्रम करने हेतु पधारे हुए थे, दो दिन रुक कर महाराज जी कल रात वापस नासिक प्रस्थान कर गए हैं मैं परम पूज्यनिय महाराज जी का एवं साथ में आए हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी का केंद्र की ओर से सभी साधकों की ओर से और से कृतज्ञता एवं आभार प्रदर्शित करता हूं कि हमें महाराज जी द्वारा उचित मार्गदर्शन मिला एवं अन्य उपस्थित समुदाय को भी योग्य



मार्गदर्शन प्राप्त हुआ इसके लिए हम पुनः महाराज जी के कृतज्ञ है। आभार, धन्यवाद ,दंडवत प्रणाम.....

# अलीराजपुर जिले में P.S.kalmi Fhaliya Rordha में झंडा वंदन के साथ गुणवत्तापूर्ण भोजन दिया गया



**अलीराजपुर** अलीराजपुर जिले में आज भी ईमानदार एवं कर्तव्य निष्ट शिक्षकों की कमी नहीं है ऐसा ही 26 जनवरी के दिन देखने में आया है पी एस कलमि फलिया की रोडधा की स्कूल में आज के समय में छात्रावास में और स्कूलों में मीनू के अनुसार भोजन दिया जाता है और बहुत ही अच्छा दिया जाता है यह सभी को ज्ञात है शासन की मनसा और उनके काम करने वाले की मानसिकता अगर मिल जाए तो सरकार की जितनी भी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं उनका फायदा अंतिम व्यक्ति तक अवश्य पहुंच जाता है बस जरूरत है सही सोच, सही नियत, और अपने कर्तव्य को ही धर्म मानकर कर्म करने की क्योंकि शास्त्रों में कहा गया है कर्म ही पूजा है अत: व्यक्ति जहां भी रहता है उसे अपना बेस्ट देना चाहिए और ऐसा ही देखने में आया है अलीराजपुर की रोडधा स्कूल में ,वहां पर बच्चों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के पर्व पर गुणवत्तापूर्ण भोजन करा कर काफी अच्छा कार्य किया गया है

# ग्राम पंचायत सिमरा कला में क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज 26 जनवरी



पवई जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमरा कला में टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें टूर्नामेंट लगभग 1 हफ्ते चला सेमीफाइनल एवं फाइनल में पालोहि वर्सेस बिल्हा टीम का मुकाबला हुआ जिसमें कमेटी की ओर से सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए रंगारंग कार्यक्रम एवं मुख्यअतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा जी को आमंत्रित किया जिसमें संतोष कुशवाहा जी एवं उनके साथी उपस्थित हुए सिमरा कला ग्राम पंचायत में टूर्नामेंट का फाइनल पलोंही ने जीता एवं उपविजेता के रूप में बिल्हा उपविजेता बनी विजेता टीम को ?11000 का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया उपविजेता टीम बिल्हा को 5100 रु नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया समिति की ओर से आयोज छंगे राजा कैप्टन धर्मपाल सिंह डब्बू राजा दिनेश पटेल गौरव लोधी सरपंच देवेंद्र पांडे सौरभ राजा सच्चू राजा बंटी राजा प्रमोद पटेल चंदन राजा शिवेंद्र राजा एवं सिमरा कला की सभी सदस्यों की ओर से सम्मानित किया गया विजेता टीम को नगद पुरस्कार दिया गया एवं उपविजेता को भी नगद पुरस्कार दिया गया और समिति की ओर से रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया जिसमें राजेश जिद्दी एवं किलकारी जी गायक कलाकार के द्वारा रंगम कार्यक्रम में प्रस्तुति दी गई

# भाजपा के धार जिला अध्यक्ष निलेश भारती के पीथमपुर प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



पीथमपुर के इंडोरामा टोल टैक्स से धार जिले के भाजपा अध्यक्ष निलेश भारती का कारवां ढोल नगाड़ा एवं डीजे की धुन पर पीथमपुर पहुंचा। इंडोरामा बरदारी अकोलिया छत्रछाया सीसी पावर चौराहा एवं अनेक स्थानों पर मंच लगाकर स्वागत किया गया एवं कई स्थानों पर फलों से नवागत अध्यक्ष भारती को तोला गया। अंत में रैली हाउसिंग बोर्ड स्थित शिवाजी पार्क मैं शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन किया गया। मंच पर निलेश भारती ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु की ओर अग्रसर है और वासुदेवन कुटुंबकम का मूल मंत्र लेकर भारत अग्रसर है। धार जिले में कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर मजबूती प्रदान होगी आने वाले भविष्य में लाखों नए कार्यकर्ता धार जिले से उभर कर आएंगे। इस उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ संजय वैष्णव प्रकाश धाकड़ कमल पटेल सुभाष जायसवाल पिंटू जायसवाल मलखान सिंह मोरी देवी सिंह पहलवान एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## तुलसीविला पर धूमधाम से मनाया गया 76 वां गणतंत दिवस

(तराना) तुलसी विला पर परंपरा अनुसार इस बार भी समाजसेवी विनोद परमार एवं कई क्षेत्रवासियो द्वारा राष्ट्रीय त्योहार (76 वां गणतंत्र दिवस) बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया द्य भारत माता का पूजन और तस्वीर पर माल्यार्पण विशेष अतिथि नगर व्यापारी एवं समाजसेवी जगदीश चंद्र राठौर द्वारा किए जाने के उपरांत तिरंगा ध्वज वंदन मुख्य अतिथि नगर व्यापारी एवं समाजसेवी भंवर सिंह चावड़ा द्वारा किया गया द्य इस दौरान अतिथियों सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक द्वारा तिरंगे को नमन करते हुए सभी के द्वारा एक स्वर में राष्ट्रगान किया गया और कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी विनोद परमार एवं व्यवस्थापक विजय पाटीदार द्वारा कार्यक्रम में पधारे देवीलाल कमोदिया,बंसीलाल चौधरी,मोहन मेहता,मनोज पाटीदार,बहादुर परिहार सोनू पाटीदार,जयराम परिहार,कमलकिशोर पाटीदार,घनश्याम चौहान,सुभाष पाटीदार,जब्बार खान,अशोक राठौर,रामेश्वर पाटीदार,रूपेश राठौर,गौरीशंकर पाटीदार,नितेश पाटीदार,बलराम नवरंग, कैलाश राजोरिया आदि कई राष्ट्रभक्तों को मिठाई खिलाकर सभी के द्वारा आपस में एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

## लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान की आहुति ही सबसे बड़ी आहुति है, और उसी से हम एक सशक्त लोकतंत्र की स्थापना कर सकते हैं-कलेक्टर कोचर

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई**
**वरिष्ठ नागरिकों, थर्ड जेंडर का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया**
**निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं**
**18-19 वर्ष के नव मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरित किये गये**
**निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित**
**मिला प्रशंसा प्रमाण पत्र**



दमोह सबसे बड़ी आजादी चुनने की आजादी होती है, हम जो पसंद करते हैं क्या उसे चुन सकते हैं, यदि यह अधिकार हमारे पास है तो यह सबसे बड़ा अधिकार होता है, मतदाता के पास यह अधिकार होता है कि वह अपनी पसंद की सरकार चुन सकता है। मतदान कोई रस्म या प्रक्रिया नहीं है, यह हम सभी का अधिकार है, हम सभी का कर्तव्य है और लोकतंत्र के महायज्ञ में मतदान की आहुति ही सबसे बड़ी आहुति है और उसी से हम एक सशक्त लोकतंत्र की स्थापना कर सकते हैं। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के ऑडिटोरियम में आयोजित 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर व्यक्त किये। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी ईश्वर जरांडे, सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत मंचासीन थे। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों का बैच लगाकर सम्मान किया गया। कलेक्टर कोचर ने कहा यदि प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना है, तो मतदाता की सबसे बड़ी जरूरत होती है, क्योंकि मतदाता ही सरकार को चुनता है। उन्होंने कहा दमोह में 12 ट्रांसजेंडर मतदाता है उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। दमोह में जितने भी 100 साल से अधिक उम्र के मतदाता है उनके घर जाकर सम्मान किया गया है। उन्होंने कहा घंटाघर पर अलग-अलग आयु समूह के मतदाताओं को लेकर एक छोटा सा सर्कल बनाकर यह बताने की कोशिश की गई है कि मतदाता और मतदान कितना जरूरी है।कलेक्टर कोचर ने कहा राष्ट्रीय मतदाता दिवस इसी बात की अभिव्यक्ति है कि हम सभी अपने मतदान के प्रति, अधिकार के प्रति जागरूक हो, यह अधिकार यदि बच्चों के अंदर ट्रांसलेट होता है तो इससे बड़ी कोई उपलब्धि नहीं हो सकती है। उन्होंने दमोह जिले की जनता का धन्यवाद देते हुए कहा लोकतंत्र का उत्सव जनता की वजह से ही सार्थक होता है, सभी मतदाता बड़े पैमाने पर मतदान के लिए निकलते हैं, यही इसकी ताकत है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुये कहा आने वाले निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करके इस देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाएं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा हम सभी मतदाता दिवस मना रहे हैं, इसकी शुरुआत 2011 में हुई थी। इसका उद्देश्य नए मतदाताओं को जोड़ना और हर मतदाता को यह एहसास दिलाना कि मतदान कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों को वोट डालने का अधिकार है। वनमंडलाधिकारी ईश्वर जराण्डे ने कहा 2011 से 25 जनवरी को मतदाता दिवस मनाया जाता है, 26 जनवरी 1950 में जब देश गणतंत्र हुआ उसके एक दिन पूर्व निर्वाचन आयोग की स्थापना हुई थी, इस स्थापना के उपलक्ष्य में 2011 से मतदाता दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य मतदातओं को जागरूक करना और लोकतंत्र के पर्व को दिन-प्रतिदिन मजबूत बनाना है। एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा ने कहा भारत में जो डेमोक्रेटिक पैटर्न आया है उसमें मतदाताओं ने हमेशा अच्छा काम किया है, बहुत अच्छे तरीके से डेमोक्रेसी रन कर रही है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुये कहा आप सभी मतदान के अधिकार का प्रयोग करें, ताकि हमारी जन्मभूमि अच्छी और सुरक्षित होकर पुष्पित और पल्लवति हो। छात्र अजय कुशवाहा ने मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी पर एकल भाषण प्रस्तुत किया तथा महेन्द्र पटैल एवं साथी ने निर्वाचन गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कलेक्टर कोचर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस मौके उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, थर्ड जेंडर नागरिकों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में आलिया बानो ने प्रथम स्थान, यशस्वी विश्वकर्मा ने द्वितीय स्थान एवं मनु साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त होने पर प्रशस्ति पत्र एवं 18 से 19 वर्ष के 12 नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरण किये गये। इस अवसर पर निर्वाचन में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉं. आलोक सोनवलकर ने किया तथा आभार उप-जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने व्यक्त किया।

# बुंदेली गौरव न्यास निभा रहा अपना सामाजिक दायित्व, रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



दमोह महोत्सव परिसर में 25 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया रक्तदान के इस महान कर्म में न्यास समिति सदस्यों, महोत्सव में आए व्यापारियों ने भी रक्तदान किया न्यास सचिव प्रभास सेठ उपाध्यक्ष कैप्टन वाधवा सिद्धार्थ मलैया ने भी समिति सदस्यों के साथ रक्तदान किया। न्यास सचिव प्रभात सेठ, उपाध्यक्ष कैप्टन वाधवा, प्रबंधक कार्यकारिणी संयोजक मोहित संगतानी ने बताया कि बुंदेली गौरव न्यास एक सार्वजनिक न्यास है न्यास अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करता रहा है और अच्छे कार्यों के लिए बुंदेली गौरव न्यास सदैव तैयार रहता है जैसा की सर्व विदित है कि बुंदेली दमोह महोत्सव में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग महोत्सव का आनंद लेने आते हैं और महोत्सव के माध्यम से हम सभी को अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित भी करते हैं जिला चिकित्सालय सीएमएचओ से जानकारी लगी की दमोह ब्लड बैंक में रक्त की कमी है तब बुंदेली गौरव न्यास द्वारा उन्हें आश्वस्त किया कि न्यास समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करेंगे और न्यास समिति का यह लक्ष्य है कि 25 जनवरी और 27 जनवरी को आयोजित रक्तदान शिविर में 200 यूनिट तक रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है।

## अभिज्ञान प्रांगण में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम संपन

तराना- रविवार को अभिज्ञान शिक्षा संस्थान छत्रीबाग, तराना के प्रांगण में गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन आज के कार्यक्रम के अध्यक्ष नरेंद्र कानड़ी, सचिव जगमोहन सोनी, ने मां सरस्वती की अर्चना के साथ ध्वजारोहण किया। आज के इस कार्यक्रम में विद्यालय के ब'चों को देश के अमर शहीदों की वीर गाथा सुनाई और उनके आदर्शों , से परिचय करवाया। नन्हे मुन्ने ब'चों ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर तराना तहसील में अभिज्ञान के छात्र-छात्राओं ने खेलेगा इंडिया तो खिलेगा इंडिया* शानदार नृत्य प्रस्तुत किया व सभी की दाद बटोरी। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार हरड, प्रधानाध्यापक अंबाराम चौहान, अंग्रेजी विभाग प्रमुख श्रीमती मंजरी लोया विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन सुश्री अनिता जोशी ने किया। आभार राजेश मालवीय ने माना। उक्त जानकारी संस्था प्रवक्ता सलमान खान ने दी।

## गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती गर्ग, जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ किया विशेष मध्यान भोजन

**ग्राम लदुसा के शासकीय विद्यालय में हुआ विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम**

मंदसौर - गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने ग्राम लदुसा में शासकीय स्कूल में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में भाग लिया। सबसे पहले उन्होंने सभी ब'चों को गणतंत्र दिवस की बहुत सारी शुभकामनाएं प्रदान की। इस दौरान राजेश दीक्षित, जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद, सीईओ जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, एएसपी गौतम सोलंकी, बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थी, ग्रामीण जन, पत्रकार मौजूद थे। स्कूली ब'चों को उद्बोधन देते हुए कहा कि ब'चे अपनी पढ़ाई पर विशेष तौर पर ध्यान दे। पढ़ाई के माध्यम से ही एक अ'छे भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

# 25 जनवरी को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक विया



**बाग** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2025 को मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी मतदान केन्?द्रों पर राष?ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एवं प्रजातंत्र में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आज जनपद शिक्षा केंद्र बाग के विद्यालयों में 15 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष पर शपथ समस्त शिक्षकों को एवं बच्चों को दिलाई गई साथ ही विद्यालयों में स्वीप प्लान गतिविधियों के अंतर्गत बच्चों की रैलियां का आयोजन भी किया गया। जानकारी देते हुए बीआरसीसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक संस्थानों में 15 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई ।

# सिंगोली में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश जैन ने किया झंडा वंदन

### सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों में भी हुआ ध्वजारोहण

सिंगोली- नगर में 76 वां गणतंत्र दिवस शासकीय अशासकीय विभागों एवं सामाजिक,राजनीतिक दलों व नगर परिषद सिंगोली द्वारा बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर शहर के सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालय के बच्चो ने प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में परम्परा गत मार्गो से प्रभात फेरी झांकियां ओर जय घोष के साथ रैली निकाली रैली में बच्चों ने देशभक्ति गगनभेदी नारो से नगर में राष्ट्रीयता से ओतप्रोत वातावरण बना दिया रैली नगर भ्रमण कर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास नवीन खेल मैदान पर पहुँची जहाँ सर्वप्रथम राष्ट्गान के साथ नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ने झंडा वंदन किया पुलिस कर्मियों ने तिरंगे को सलामी दी। इसके पश्चात नगर परिषद अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समारोह में सभी विद्यालय के बच्चों द्वारा अलग-अलग देश भक्ति गीतों पर नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। समारोह में शामिल जिन विद्यालयों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम ओर झांकियां बनाई उन सभी विद्यालयो के संस्था प्रधानों को शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया इस दौरान नगर परिषद द्वारा नगर की अलग-अलग धार्मिक, सामाजिक प्रशासनिक संस्थाओं में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। नगर परिषद द्वारा आयोजित मुख्य समारोह में बतौर अतिथियो का नगर परिषद की और से क्षैत्र के प्रसिद्ध साफा मास्टर महेंद्र सिंह राठौड़ द्वारा बेहतरीन साफा बांधा गया मंचासीन विशेष अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन भाया उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़ नायब तहसीलदार भगवान सिंह ठाकुर भाजपा जिला महामंत्री अशोक सोनी,मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी,कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष मनीष जैन, भाजपा जिला मंत्री सुनीता राजकुमार मेहता,श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला अध्यक्ष प्रदीप जैन,समाजसेवी प्रेमचंद जैन ,पिंकी सोनी पत्रकारगण, पाषर्दगण, पुलिस प्रशासन, नगर परिषद टीम, नगर के गणमान्य नागरिक सहित सभी विद्यालयो के शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।

**नगर में लगा स्थाई रूप से बड़ा तिरंगा**
गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आज पुराना बस स्टैंड पर नगर परिषद सिंगोली द्वारा 60 फीट पोल खड़ा कर बड़ा राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया

**अनेक स्थानों पर हुआ ध्वजारोहण**
अंजुमन कमेटी कार्यालय पर सदर रईस खान कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष मनीष जैन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर ईतेश व्यास पशु चिकित्सालय पर पवन रावत भाजपा कार्यालय पर मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी पुलिस थाना सिंगोली पर थाना प्रभारी ने ध्वजारोहण किया।



### उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइल प्रणाली का किया परीक्षण

# अमेरिका को 'कड़ा जवाब देने को तैयार सनकी किंग...

**इंटरनेशनल डेस्क.** उत्तर कोरिया ने रविवार को क्रूज मिसाइल प्रणाली का परीक्षण करने की जानकारी देते हुए उसको निशाना बनाकर किये जाने वाले अमेरिका-दक्षिण कोरियाई सैन्य अभ्यासों की संख्या बढ़ाये जाने का 'कड़ा जवाब देने का संकल्प लिया। उत्तर कोरिया ने वर्ष तीसरी बार मिसाइल प्रणाली का परीक्षण किया है। उत्तर कोरिया के इस कदम से संकेत मिलता है कि वह अपने हथियारों के परीक्षणों और अमेरिका के



खिलाफ टकराव के रुख को जारी रखेगा हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही कह चुके हैं कि वह उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से संपर्क करेंगे। आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल समाचार एजेंसी की खबर के मुताबिक, किम ने शनिवार को समुद्र से सतह पर मार करने वाली सामरिक क्रूज मिसाइल का परीक्षण देखा। 'सामरिक से मतलब है कि ऐसी मिसाइल, जो परमाणु-सक्षम हो। एजेंसी ने बताया कि मिसाइलों ने 1,500 किलोमीटर (932 मील) की दूरी तय कर अपने लक्ष्यों को निशाना बनाया हालांकि इसकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की गयी। समाचार एजेंसी ने किम के हवाले से बताया कि उत्तर कोरिया की युद्ध रोधी क्षमताएं पहले की तुलना में बेहतर हो रही है और उन्होंने अधिक शक्तिशाली रूप से विकसित सैन्य शक्ति के आधार पर स्थिरता की रक्षा के लिए देश द्वारा कड़ी मेहनत किये जाने की पुष्टि की। एजेंसी ने रविवार को एक अलग खबर में बताया, उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने इस महीने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के सिलसिलेवार सैन्य अभ्यासों के जरिये उत्तर कोरिया को लक्षित कर 'गंभीर रूप से सैन्य उकसावे के लिए पश्चिमी देश की आलोचना की। विदेश मंत्रालय ने कहा, वास्तविकता यह है कि डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) को शुरू से अंत तक अमेरिका को कड़े से कड़ा जवाब देना चाहिए क्योंकि पश्चिमी देश कोरियाई राष्ट्र की संप्रभुता और सुरक्षा हितों को नकारता रहा रहा और उससे निपटने के लिए यही सबसे अछा विकल्प है।

## लेबनान में इजराइली सेना की गोलीबारी में 11 लोगों की मौत, 80 से अधिक घायल

**इंटरनेशनल डेस्क.** दक्षिणी लेबनान में रविवार को इजराइली सेना ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये लोग संघर्ष विराम के तहत इजराइली सेना की वापसी की मांग कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मृतकों में दो महिलाएं और लेबनानी सेना का एक जवान भी शामिल हैं। सीमा क्षेत्र के 12 से अधिक गांवों में लोगों के घायल होने की खबर है।



इजराइल-हिजबुल्ला युद्ध को रोकने के लिए नवंबर के अंत में संघर्ष विराम समझौते के तहत निर्धारित 60 दिन की समयसीमा में इजराइली सेना को दक्षिणी लेबनान से हटना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके विरोध में प्रदर्शनकारियों ने कई गांवों में घुसने का प्रयास किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने हिजबुल्ला के झंडे लिए हुए थे। इजराइल का कहना है कि हिजबुल्ला के दक्षिणी लेबनान में फिर से सिर उठाने से रोकने के लिए लेबनानी सेना इस इलाके के सभी क्षेत्रों में तैनात नहीं हुई है, ऐसे में इजराइली सेना को अभी और अधिक समय तक वहां रहने की जरूरत है।

लेबनान की सेना ने कहा कि जब तक इजराइली सेना वापस नहीं जाती, तब तक वह वहां मोर्चा नहीं संभाल सकती। इजराइली सेना ने रविवार के विरोध प्रदर्शनों को भड़काने के लिए हिजबुल्ला को दोषी ठहराया। इसने एक बयान में कहा कि उसके सैनिकों ने ''उन कई क्षेत्रों में चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं, जहां संदिग्धों की मौजूदगी का पता लगाया गया था।

बयान में कहा गया कि इजराइली सैनिकों ने कई संदिग्धों को पकड़ा है और उनसे पूछताछ की जा रही है। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने रविवार को दक्षिणी लेबनान के लोगों को संबोधित करते हुए एक बयान में कहा कि ''लेबनान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है और मैं आपके अधिकारों और सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम स्तर पर इस मुद्दे के समाधान के वास्ते काम कर रहा हूं।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**इंटरनेशनल डेस्क.** दक्षिण कोरिया के अभियोजकों ने पिछले महीने सैन्य शासन लागू करने के लिए महाभियोग के माध्यम से राष्ट्रपति पद से हटाए गए यून सुक येओल के खिलाफ रविवार को आरोप पत्र दायर किया। योनहाप समाचार एजेंसी की खबर के अनुसार सियोल मध्य जिला अभियोजन कार्यालय ने यून पर तीन दिसंबर को दिए गए एक आदेश के संबंध में विद्रोह का आरोप लगाया है, जिससे देश में भारी राजनीतिक उथल-पुथल मच गई थी।



दक्षिण कोरिया के दूसरे मीडिया संस्थानों ने भी ऐसी ही खबरें प्रकाशित की हैं। इस बारे में प्रतिक्रिया के लिए कई बार अभियोजकों से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। सैन्य शासन लागू करने का आदेश देने के लिए यून को महाभियोग के जरिये राष्ट्रपति पद से हटाए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। संवैधानिक अदालत अलग से इस मामले पर विचार कर रही है कि यून को राष्ट्रपति पद से आधिकारिक रूप से बर्खास्त किया जाए या फिर बहाल किया जाए।

कंजरवेटिव नेता यून ने हालांकि खुद पर लगे आरोपों को दृढ़ता के साथ खारिज किया है। यून ने सैन्य शासन लागू करने का आदेश जारी करते हुए नेशनल असेंबली को गुंडों का अड्डा करार दिया था। साथ ही उन्होंने उत्तर कोरिया के समर्थकों और राष्ट्रविरोधी ताकतों को खत्म करने का संकल्प लिया था।

## हिंदू मंदिरों की भूमि से इस्लाम के साम्राज्य तक, कैसे इंडोनेशिया बन गया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश?

**इंटरनेशनल डेस्क.** इंडोनेशिया, दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित एक विशाल द्वीपीय देश है, जो 17,000 से अधिक द्वीपों का घर है। हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच स्थित यह देश प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विविधता से भरा हुआ है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस भूमि पर एक समय था जब हिंदू और बौद्ध संस्कृतियों का दबदबा था और यहां के कई प्रमुख मंदिर इस धार्मिक धरोहर को दर्शाते थे? इंडोनेशिया का इतिहास भारतीय व्यापारियों के आगमन से शुरू होता है। भारतीय उपमहाद्वीप के व्यापारियों ने 2,000 साल पहले इस द्वीप समूह में कदम रखा और साथ में अपनी संस्कृति, परंपराएं और धर्म भी लाए। भारतीय व्यापारियों ने यहां के तटों पर साम्राज्य स्थापित किए, जिनमें जावा और सुमात्रा जैसे प्रमुख द्वीप शामिल थे।

इन व्यापारियों के प्रभाव से यहां हिंदू और बौद्ध धर्म फैलने लगे। कई प्रमुख मंदिरों का निर्माण हुआ, जैसे कि बोरोबुदुर (बौद्ध धर्म का सबसे बड़ा मंदिर) और प्रम्बानन (हिंदू धर्म का प्रमुख मंदिर)। इन मंदिरों में भारतीय संस्कृति की छाप स्पष्ट रूप से देखी जा सकती थी। उस समय यहां हिंदू राजाओं का शासन था और उनके दरबारों में कवि, विद्वान और पुजारी पूजा अर्चना करते थे, जबकि समाज में देवताओं और राक्षसों की कथाओं का प्रचार-प्रसार हो रहा था।

**अरब व्यापारियों का आगमन और इस्लाम का प्रसार**

7वीं शताब्दी में पैगंबर मोहम्मद की मृत्यु के बाद इस्लाम धर्म का प्रसार पूरी दुनिया में होने लगा। अरब व्यापारी समुद्री मार्गों के जरिए इंडोनेशिया के तटों तक पहुंचे और व्यापार के साथ-साथ इस्लाम धर्म का प्रचार भी किया। मजे की बात यह है कि इन व्यापारियों ने किसी भी प्रकार के युद्ध या खून-खराबे के बिना इस्लाम धर्म को फैलाया। इस्लाम का प्रसार धीरे-धीरे हुआ, और यहां के तटीय साम्राज्य में हिंदू-बौद्ध धर्म की जगह मस्जिदों ने लेनी शुरू कर दी। इसके बावजूद, इस्लाम ने पहले हिंदू और बौद्ध संस्कृतियों से जुड़ी बातों को सम्मान दिया और समाज में समरसता का माहौल बनाया।

**सुल्तान मलिक अल-सलीह- इंडोनेशिया में इस्लाम के संस्थापक**

13वीं शताब्दी में, उत्तरी सुमात्रा के समुद्र-पासाई राज्य में इस्लाम धर्म का प्रभाव बढ़ने लगा। यहां के राजा मारा सिलु ने इस्लाम धर्म अपनाया और अपना नाम बदलकर सुल्तान मलिक अल-सलीह रख लिया। इस प्रकार, वह इंडोनेशिया में इस्लाम धर्म के संस्थापक माने जाते हैं। उनकी मृत्यु के बाद, उनकी कब्र पर 1297 ई. की तारीख अंकित हुई, जो इंडोनेशिया में इस्लाम के प्रसार का एक महत्वपूर्ण प्रमाण है।

**वली सोंगो, इस्लाम के प्रचारक**

15वीं और 16वीं शताब्दी के दौरान, इंडोनेशिया में इस्लाम का प्रभाव बढ़ा, और इस दौरान एक खास समूह ने इस्लाम के प्रचार-प्रसार का कार्य किया, जिसे वली सोंगो (जावा के नौ मुस्लिम संत) के नाम से जाना जाता है। इस समूह के सदस्य, जैसे सुनन कलिजगा, ने अपनी सांस्कृतिक पहचान बनाए रखते हुए, इस्लाम को लोककला के माध्यम से फैलाया। उन्होंने कठपुतली के खेल का उपयोग किया, जिसे 'ह्यद्धड्डस्रश्2 श्चह्वश्चश्चद्गह्लह्य4' कहते हैं, और इसके माध्यम से इस्लामिक शिक्षाओं को लोगों तक पहुंचाया।

**यूरोपीय उपनिवेशवाद और स्वतंत्रता संग्राम**

16वीं शताब्दी के अंत में, यूरोपीय शक्तियों ने इंडोनेशिया के व्यापारिक तटों पर कब्जा करना शुरू किया। पुर्तगालियों ने पहले यहां मसालों के व्यापार पर कब्जा करने की कोशिश की, लेकिन बाद में डच (नीदरलैंड्स) ने इनकी जगह ले ली। डचों ने इस क्षेत्र में व्यापार के जरिए अपनी शक्ति स्थापित की और धीरे-धीरे यहां के साम्राज्यों को अपने अधीन कर लिया। इंडोनेशिया में डच शासन का विरोध बढ़ने लगा, खासकर सुमात्रा के एसेह क्षेत्र में, जहां ष्टह्वह्ल ह्४ड्डद्म ष्ठद्धद्बद्गठ्ठ जैसे स्वतंत्रता सेनानियों ने जिहाद की अपील की। इसके बाद, 1945 में इंडोनेशिया ने स्वतंत्रता की घोषणा की।

**आज का इंडोनेशिया, विविधता में एकता**

साल 1945 में इंडोनेशिया की स्वतंत्रता के बाद, यह सवाल उठ खड़ा हुआ कि क्या देश एक इस्लामी राज्य बनेगा या धर्मनिरपेक्ष गणराज्य रहेगा। अंत में, भारतीय धर्मों, बौद्धों, मुस्लिमों और अन्य धर्मों का मिश्रण होने के कारण, इंडोनेशिया ने भिन्नेका तुंगगल इका यानी विविधता में एकता के सिद्धांत को अपनाया। आज इंडोनेशिया दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है, लेकिन यहां विविध धर्मों का संगम है।

### ट्रंप का फरमान मानने से कोलंबिया का इनकार

## निर्वासन उड़ानों को अस्वीकार किया लगेगा शुल्क और वीजा प्रतिबंध

**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि कोलंबिया की सरकार ने प्रवासियों को लाने वाली दो उड़ानों को अस्वीकार कर दिया है और इसलिए वह कोलंबिया के खिलाफ शुल्क, वीजा प्रतिबंध और अन्य जवाबी कदम उठाने का आदेश दे रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल पर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के फैसले ने अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को ''खतरे में डाल दिया है।



ट्रंप ने लिखा, ''ये सिर्फ़ शुरुआती कदम हैं। हम कोलंबियाई सरकार को अमेरिका में जबरन घुसे अपराधियों को स्वीकार करने और उनकी वापसी संबंधी उसके कानूनी दायित्वों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देंगे।

इससे पहले रविवार को पेट्रो ने घोषणा की थी कि उनकी सरकार अमेरिका से निर्वासित प्रवासियों को लाने वाली उड़ानों को तब तक स्वीकार नहीं करेगी, जब तक कि ट्रंप प्रशासन उनके साथ ''सम्मानजनक व्यवहार वाला एक प्रोटोकॉल नहीं बनाता।

## नाइजीरिया में फ्यूल टैंकर में जोरदार ब्लास्ट, 18 लोगों की मौत

**इंटरनेशनल डेस्क.** नाइजीरिया से एक दुखद खबर आई है, जहां एक फ्यूल टैंकर में जबरदस्त विस्फोट हुआ। इस हादसे में 18 लोगों की जान चली गई। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों को इलाके से दूर रहने की सलाह दी है।

नेशनल रोड सेफ्टी एजेंसी के मुताबिक, नाइजीरिया के दक्षिण-पूर्वी एनुगु राज्य में एक फ्यूल टैंकर का ब्रेक फेल हो गया, जिससे ड्राइवर का नियंत्रण खो गया। टैंकर ने एक्सप्रेसवे पर कई गाड़ियों को टक्कर मारी और फिर विस्फोट हो गया। यह हादसा एक हफ्ते पहले हुए एक बड़े हादसे के बाद हुआ है।

## इस्तीफे और भागने की तैयारी में बांग्लादेश के नेता मोहम्मद यूनुस ! एक्शन में आई पुलिस

**इंटरनेशनल डेस्क.** बांग्लादेश में शेख हसीना के देश छोड़ कर जाने के बाद सरकार की कमान संभाल रहे विवादित नेता डॉ. मोहम्मद यूनुस के इस्तीफे और देश छोड़कर भागने की चर्चा से बवाल मच गया है। पुलिस ने डॉ. मोहम्मद यूनुस के इस्तीफे और देश छोड़कर भागने की अफवाह फैलाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारी तब हुई, जब आरोपी बीएनपी-जमात नेताओं के घरों पर हमला करने की साजिश रच रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान इब्राहिम खलील उर्फ रसेल और गोलाम किबरिया उर्फ लिटन के रूप में हुई है। दोनों को शुक्रवार रात मोहम्मदपुर यूनियन के बांसा बाजार इलाके से हिरासत में लिया गया। शनिवार को इन्हें



नोआखाली मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा।

फेसबुक पर डॉ. मोहम्मद यूनुस के इस्तीफे और भागने की अफवाह के बाद मोहम्मदपुर यूनियन के बांसा बाजार में तनाव का माहौल बन गया। स्थानीय जुबो लीग के कार्यकर्ताओं ने इस अफवाह के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में हिंसा की आशंका को देखते हुए पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। चटखिल पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (ओसी) फिरोज उद्दीन चौधरी ने बताया, हमें 25-30 अवामी लीग कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन की सूचना मिली। इसके बाद, स्थानीय लोगों की मदद से रसेल और लिटन को हिरासत में लिया गया। उनके खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस के अनुसार, रसेल मोहम्मदपुर यूनियन जुबो लीग का सदस्य है, जबकि लिटन स्थानीय अवामी लीग से जुड़ा हुआ है। नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. मोहम्मद यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख रह चुके हैं। उनकी भूमिका को लेकर पहले भी राजनीतिक विवाद होते रहे हैं। फेसबुक पर फैली इस तरह की अफवाहों ने क्षेत्रीय राजनीति और सामाजिक शांति पर गहरा असर डाला। पुलिस ने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है और जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित किसी भी अफवाह पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करें

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569